आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, शनिवार 07 मार्च 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 111
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

**अंदर के पन्नों पर...**

19 मार्च से शुरू होगा शक्ति साधना का महापर्व



पेज-2

विद्या बालन को अपना 'हीरो' मानती हैं तापसी



पेज-5

सोशल मीडिया पर भड़काऊ भाषण... तो खैर नहीं



पेज-6

## संघ बदलेगा अपनी प्रांतीय व्यवस्था

### हरियाणा बैठक के बाद राज्य-केंद्रित संरचना होगी लागू

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी दशकों पुरानी प्रांतीय व्यवस्था को समाप्त कर एक नई राज्य-केंद्रित संरचना लागू करने जा रहा है। इसमें राज्य प्रचारक का नया पद सृजित किया जा सकता है। अब मप्र सहित प्रदेश के सभी राज्यों में प्रांत प्रचारकों के पद बने हुए है। इन पदों को समाप्त करने की तैयारी की जा रही है। इससे मप्र में भी प्रांत प्रचारक के पद समाप्त कर राज्य प्रचारक नियुक्त किया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत पूरे राज्य के लिए एक राज्य प्रचारक नियुक्त किया जाएगा, जो संपूर्ण राज्य की गतिविधियों में समन्वय स्थापित करेगा। सूत्रों के अनुसार संगठन से जुड़े इन निर्णयों को शताब्दी वर्ष के समापन के बाद अगले साल 2027 से ही लागू किए जाने की संभावना है। वहीं भाजपा संगठन में अब राष्ट्रीय स्तर पर भी बड़े बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर नए



कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन की ताजपोशी के बाद अब राज्य स्तर पर परिवर्तन की आहट तेज हो गई है। माना जा रहा है कि पार्टी ऐसे चेहरों से परहेज करेगी, जिन्हें लेकर आमजन में धारणा ठीक नहीं है। संगठन चाहेगा कि चुनाव के दौरान विवादित चेहरे फ्रंट में न दिखें। इनके बजाए बेदाग, साफ सुथरी छवि और लोकप्रिय चेहरों को संगठन आगे बढ़ाएगा। ऐसे पुराने चेहरों को संगठन अब बदलने की कवायद में लग गया है, जो नेता हाल फिलहाल या पहले विवादों में रहे हैं। राष्ट्रीय नेतृत्व नहीं चाहता कि चुनाव के दौरान विवादित चेहरे फ्रंट पर दिखें। इसी कड़ी में बड़े बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। इस फेरबदल में राष्ट्रीय नेतृत्व की भांति राज्य में भी युवाओं को तवज्जो दी जाएगी।

जानकारी के मुताबिक 13, 14 और 15 मार्च को हरियाणा के समालखा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होने जा रही है। इस बैठक में संघ प्रमुख सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन भी बैठक में शामिल हो सकते हैं। माना जा रहा है कि इसी बैठक में मध्य प्रदेश के संगठन महामंत्री के नाम पर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है। राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि इस बार रणनीति में बदलाव संभव है। अब तक परंपरा रही है कि संघ अपने किसी प्रचारक को भाजपा में संगठन महामंत्री के रूप में नियुक्त करता रहा है। हालांकि, इस बार संघ किसी अनुषांगिक संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी को भी यह जिम्मेदारी दे सकता है। यदि ऐसा होता है तो इसे संगठनात्मक परंपरा में बड़े बदलाव के रूप में देखा जाएगा। संगठन महामंत्री का पद भाजपा में बेहद प्रभावशाली माना जाता है। यह पद संगठन और सरकार के बीच समन्वय की केंद्रीय कड़ी के रूप में कार्य करता है। ऐसे में आने वाला फैसला प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण असर डाल सकता है।

## डीएवीवी होस्टल केस में कमेटी ने छात्रा को माना दोषी, पिता अपने साथ कोलकाता ले गए

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● होस्टल में दूसरी युवतियों पर एप से लड़कों से दोस्ती कराने का दबाव डालने वाली छात्रा के मामले में जांच पूरी हो गई है और रिपोर्ट विवि को सौंप दी गई है। जांच कमेटी ने रिपोर्ट में छात्रा को हॉस्टल के नियमों का उल्लंघन करने का दोषी माना है और उसके निलंबन को सही ठहराया है। जबकि छात्रा का कहना है कि उसके निजी मामले को गलत तरीके से पेश किया गया है। अल्पसंख्यक छात्रा कोलकता की निवासी है और पांच साल का एक कोर्स करने इंदौर आई है। उसने लिखित स्पष्टीकरण भी कमेटी को दिया है।

मामला सामने आने के बाद छात्रा के पिता कोलकाता से इंदौर पहुंचे। हॉस्टल वार्डन ने उन्हें पूरे घटनाक्रम और जांच समिति की रिपोर्ट से अवगत कराया। छात्रा के पिता उसे अपने साथ कोलकाता ले गए। छात्रा ने हॉस्टल भी खाली कर दिया है।

### आरोप सही पाए गए

छात्रा खुद रोज वीडियो कॉल पर अपने बॉयफ्रेंड से बातें करती थी। इसके अलावा वह एक एप के जरिए दूसरी छात्राओं पर भी लड़कों से दोस्ती करने का दबाव डालती थी। उसकी शिकायत अन्य छात्राओं ने की थी। जांच के बाद आपत्तिजनक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप सही पाए जाने पर बंगाल की अल्पसंख्यक छात्रा को हॉस्टल से निकाल दिया गया था। बाद में अलग से एक कमेटी गठित की गई थी।

### शिकायतकर्ताओं के बयान भी रिपोर्ट में

हॉस्टल में रहने वाली चार अन्य छात्राओं ने भी शिकायतें की थीं। इन शिकायतों में यह भी कहा गया था कि वह छात्रा अन्य लड़कियों को एक मोबाइल एप के माध्यम से लड़कों से दोस्ती करने के लिए उकसा रही थी। विश्वविद्यालय द्वारा गठित जांच समिति से मामले की जांच कराई। समिति ने शिकायतकर्ता छात्राओं के बयान दर्ज कर अपनी रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी है।

## नीतीश के बदले 'नीतीश' देगी भाजपा!



**पटना (एजेंसी)** ● करीब ढाई दशक तक बिहार की राजनीति की धुरी और दो दशक तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार अब अपना पद छोड़ने जा रहे हैं। नीतीश कुमार गुरुवार को राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करते हुए एक बार फिर राष्ट्रीय राजनीति की ओर से बढ़ चले हैं। उनके नामांकन के साथ ही यह साफ हो गया है कि बिहार को नया मुख्यमंत्री मिलने जा रहा है, जो पहली बार भाजपा के कोटे से होगा।

डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी से विजय कुमार सिन्हा तक को प्रमोट किए जाने या फिर किसी छुपे रुस्तम को मौका मिलने की अटकलें चल रही हैं। चर्चा यह भी है कि भाजपा बिहार में नीतीश के बदले अपने 'नीतीश' को सीएम बना सकती है। पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्रा के बेटे नीतीश मिश्रा मधुबनी जिले में झंझारपुर विधानसभा क्षेत्र से पांच बार के विधायक हैं। 2000 से 2025 तक वह 5 बार एक ही सीट से जीतकर विधानसभा पहुंचे और कई बार मंत्री रहे हैं। 2025 में भी उनका मंत्री बनना तय माना जा रहा था, लेकिन कैबिनेट में जगह नहीं दिए जाने के बाद से ही चर्चा थी कि उन्हें संगठन में बड़ी भूमिका दी जा सकती है। अब मुख्यमंत्री के दावेदारों में भी उनका नाम चल रहा है।

### नीतीश कुमार का भी भरोसा हासिल

चूंकि, बिहार में भाजपा को नीतीश कुमार की जेडीयू के साथ मिलकर सरकार चलानी है, इसलिए किसी ऐसे चेहरे को ही आगे किया जाएगा जिसे मौजूदा सीएम का विश्वास हासिल हो। इस कसौटी पर भी नीतीश मिश्रा फिट बैठते हैं। दरअसल, नीतीश मिश्रा लंबे समय तक जेडीयू के नेता रहे हैं और नीतीश कुमार के मंत्री के रूप में उनके साथ लंबे समय तक करीब से काम कर चुके हैं। विनम्र स्वभाव के मिश्रा की जेडीयू और भाजपा में नए-पुराने नेताओं के साथ तालमेल अच्छा रहा है।

रंगपंचमी पर 8 मार्च को शहर के विभिन्न स्थानों से निकलेंगी रंगारंग गेरें

## गेर में अगर किसी ने हुड़दंग की तो करेंगे सख्त कार्यवाही

■ डीजे रहेगा प्रतिबंधित, सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम
■ कलेक्टर वर्मा की अध्यक्षता में गेर आयोजकों के साथ प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक सम्पन्न

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● रविवार 8 मार्च को शहर में रंग पंचमी का पर्व परम्परागत रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस दिन शहर के निर्धारित मार्गों से विभिन्न संस्थाओं द्वारा शहर के मध्यक्षेत्र में रंगारंग गेर भी निकाली जाएगी। पूरा शहर रंगों से सराबोर रहेगा। गेर में हुड़दंग करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। गेर में डीजे प्रतिबंधित रहेगा। गेर की व्यवस्थाओं को जिला प्रशासन, पुलिस और आयोजकों के संयुक्त प्रयासों से और अधिक बेहतर बनाया जाएगा।

**फाग यात्रा के साथ निकलेंगी गेरें**-यह जानकारी शुक्रवार को यहां कलेक्टर कार्यालय में गेर की व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा की विशेष उपस्थिति में हुई बैठक में दी गई। बैठक में आयोजकों के साथ नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, डीसीपी



आनन्द कलादगी, एडीएम रोशन राय सहित जिला प्रशासन, पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि गेर आयोजन की तैयारियां अंतिम दौर में है। गेर शहर में परम्परागत रूप से निर्धारित मार्गों से निकलेगी। राधा-कृष्ण फाग यात्रा के साथ टोरी कार्नर, मारल क्लब, संगम कार्नर आदि संस्थाओं द्वारा निकाली जाएगी। आयोजकों ने गेर के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

**इंदौर की गौरवशाली परम्परा गेर में पूर्ण शालीनता बनी रहे**-कलेक्टर वर्मा ने गेर आयोजकों से कहा कि वे अपनी-अपनी गेर निर्धारित समय के साथ तय क्रम से ही निकालें। समय एवं अनुशासन का विशेष रूप से पालन करें। वे यह तय करें कि किसी भी तरह की हुड़दंग नहीं हो। पूर्ण शालीनता बनी रहे। कोई भी अवांछित सामग्री का उपयोग नहीं करें और न ही गेर में शामिल लोगों पर फेंके। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि इंदौर की गौरवशाली परम्परा गेर को और अधिक बेहतर बनाने के लिए सभी मिलकर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि गेर के दौरान ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों का पालन किया जाये। अश्लील और अभद्र गाने नहीं बजाये जाये। बैठक में बताया गया कि डीजे प्रतिबंधित रहेगा।

### आयोजन के दौरान विशेष निगरानी रखी जाएगी

बैठक में डीसीपी आनन्द कलादगी ने कहा कि आयोजन के दौरान विशेष निगरानी रखी जायेगी। व्यवस्थाओं को देखते हुए सभी स्वागत मंच रोड़ के एक ही तरफ लगवाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि गेर में किसी भी तरह की हुड़दंग करने वालों को छोड़ा नहीं जायेगा। हथियार सहित पकडे जाने पर संबंधित असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। गेर के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रहेंगे। ड्रोन, सीसीटीवी और वीडियों कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखी जायेगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरे गेर मार्ग को सेक्टर के रूप में विभाजित कर सुरक्षा प्रबंध किये जायेंगे। सेक्टर वाईज कंट्रोल रूम भी बनाया जायेगा। नागरिकों से आग्रह किया गया कि गेर में गड़बड़ी करने वाले तत्वों और हथियार रखने वालों की सूचना तुरन्त पुलिस को दी जाये। मदिरा पीकर शांति भंग करने वालों के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि गेर इंदौर की गौरवशाली धरोहर है। इसे सबके सहयोग से और अधिक बेहतर बनाया जाये।

### न्यूज ब्रीफ

- जंग के बीच ईरान में भूकंप के जोरदार झटके, रिक्टर स्केल पर 4.1 रही तीव्रता
- पाकिस्तान को LNG सप्लाई नहीं करेगा कतर, पाकिस्तानी नेता अली परवेज का दावा
- आज रात ईरान पर अमेरिका का अब तक का सबसे बड़ा हमला, स्कॉट बेसेंट का दावा
- इराक के बसरा में ड्रोन अटैक, हॉलिबर्टन और केबीआर संयंत्रों पर लगी भीषण आग
- सऊदी अरब ने युद्ध को शांत करने के लिए ईरान के साथ बैकचैनल बातचीत शुरू की
- पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमतें 55/लीटर बढ़ाकर क्रमश: 335 और 321 रुपये कर दी गईं
- लेबनान : घाना UN पीसकीपिंग हेडक्वार्टर पर मिसाइल अटैक
- नेपाल : बालेन शाह के पक्ष में प्रचंड बहुमत, ओली समेत कई दिग्गज बुरी तरह हार की कगार पर
- अब पश्चिम एशिया में मेरोप्स सिस्टम तैनात करेगा अमेरिका, ईरानी ड्रोन से बचाव की तैयारी तेज

**हुई मशक्कत** | गुटबाजी के चलते नहीं हुए थे अभी तक ब्लॉक अध्यक्ष घोषित

## तीन का फेर : तीन ब्लाक अध्यक्षों का तीन नेताओं में बंटवारा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के दौरे से पहले इंदौर कांग्रेस में खाली 3 ब्लॉक अध्यक्ष के पद भरने की पूरी उम्मीद है। इन पदों पर नाम लगभग तय हो चुके हैं और नेताओं में आपसी सहमति भी बन चुकी है। पटवारी 12 मार्च से जिले के दौरे पर हैं। वे ब्लॉक स्तरीय सम्मेलनों में शामिल होंगे।

गुटबाजी के चलते तीन ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति लंबे समय से अटकी हुई है। यहां तक की शहर कांग्रेस अध्यक्ष भी इस मामले में फैसला नहीं ले पा रहे हैं। अब 3 नंबर ब्लॉक में बराबर का फार्मूला बनाकर अध्यक्षों के नामों की घोषणा की जा सकती है। बता दें कि कांग्रेस अब तक 24 में से 21 ब्लॉक में अध्यक्षों की नियुक्ति कर चुकी है और उन्हें कार्यकारिणी बनाकर भेजने के आदेश भी दे दिए हैं। इसी को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे अभी तक कोई निर्णय नहीं ले पाए हैं। सूत्रों का कहना है कि तीनों ही नेताओं के बीच एक-एक पद देने पर सहमति बन गई है, क्योंकि जल्द ही ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा के साथ-साथ कार्यकारिणी की घोषणा भी होना है और फिर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जल्द ही ब्लॉक का दौरा शुरू करने वाले हैं।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी तीन दिन तक इंदौर जिले का दौरा करेंगे। इस दौरान वे अलग-अलग स्थानों पर बैठक भी लेंगे। जिला कांग्रेस के अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने बताया कि 12, 13 और 14 मार्च को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी इंदौर ग्रामीण का ब्लॉक स्तरीय दौरा करेंगे। वे 3 दिन में 14 ब्लाकों में आयोजित ग्राम एवं वार्ड समिति कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। इस दौरान 12 को महू विधानसभा के ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन, 13 को सांवेर विधानसभा के ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन और 14 को देपालपुर विधानसभा के ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन आयोजित होंगे।

### नेताओं के बीच 1-1 पद की बनी सहमति

शहर कांग्रेस विधानसभा-3 के ब्लॉक-3 और विधानसभा-5 के ब्लॉक-एक अध्यक्ष के मामले में अभी तक कोई फैसला नहीं ले पाई है। संगठन सृजन अभियान के तहत दी गई समय सीमा भी समाप्त हो गई है। दरअसल तीन नंबर विधानसभा में पूर्व विधायक अश्विन जोशी यहां से चुनाव लड़ चुके पिंटू जोशी और अरविन्द बागड़ी में अपने-अपने समर्थक को ब्लॉक अध्यक्ष बनाने का दबाव बनाया जा रहा है।

भाजपा में सालभर से अटकी प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

## लालबत्ती की सूची : पूर्व विधायकों और हारे हुए नेताओं का पत्ता हुआ कट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायकों और विधानसभा चुनाव हार चुके नेताओं के लिए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का संदेश बुरी खबर लाया है। अभी तक अपने पुनर्वास की राह ताक रहे ऐसे नेताओं को उम्मीद थी कि प्रदेश संगठन निगम मंडलों में उन्हें पद देकर नवाजेगा, लेकिन कल प्रदेश अध्यक्ष ने अनौपचारिक चर्चा में यह संकेत दिए हैं कि हमारा प्रयास है कि पहले संगठन की सभी नियुक्तियां पूरी हो जाएं। अभी विस्तृत कार्यसमिति का ऐलान होना बाकी है। इसके बाद कार्यसमिति की बैठक फिर एल्डरमैन, समिति अध्यक्ष और राजनीतिक नियुक्तियों का नंबर आएगा। प्रदेश यूनिट अपनी तरफ से होम वर्क करके केंद्रीय नेतृत्व को नामों की अनुशंसा भेज चुका है लेकिन अंतिम फैसला दिल्ली से ही होगा।

मप्र भाजपा की कार्यसमिति बैठक पिछले एक-सवा साल से लगातार टलती जा रही है। पार्टी अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को अभी अपनी विस्तृत कार्यसमिति और संगठन के सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों की टीम का गठन भी करना है। इसके बाद नई कार्यसमिति की पहली बैठक अप्रैल महीने में बुलाने की तैयारी है। इसके बाद हर 3 महीने में लगातार बैठकों का सिलसिला शुरू किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने संकेत दिए हैं कि निगम-मंडल की सूची को केंद्रीय नेतृत्व की हरी झंडी मिलना बाकी है। इसके बाद दूसरी नियुक्तियां होंगीं। प्रदेश भाजपा संगठन अभी अपनी टीम को आकार देने में जुटा है। महिला और युवा मोर्चा की कार्यकारिणी और सभी प्रकोष्ठों की नियुक्तियां होना बाकी हैं। प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल की विस्तृत कार्यसमिति भी गठित होना बाकी है। भाजपा का संविधान कहता है कि हर तीन महीने में पार्टी के पुराने कामकाज की समीक्षा और नए कार्यक्रमों के रोड-मैप पर चर्चा जरूरी है।

### काबिल और युवाओं पर दांव

निगम-मंडल में दर्जा मंत्री पद पाने की उम्मीद से चुनाव के दौरान पाला बदलकर भाजपा में आए दिग्गज कांग्रेसी नेताओं के संदर्भ में पार्टी हाईकमान अब काबिलियत संबंधी लिटमस टेस्ट के आधार पर ही उपकृत करने के फामूला पर काम करेगी। काबिल और युवा नेताओं को पहले मौका देने की तैयारी है। पूर्व मंत्री और चुनाव में हारे हुए नेताओं को भी फिलहाल सियासी नियुक्तियों से दूर रखने की पॉलिसी पर काम चल रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### शास्त्रीय रागों पर आधारित फिल्मी गीतों ने मोह लिया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● संस्था स्वर संवादिनी की अध्यक्ष शुभांगी पारोलकर एवं सचिव दीपक देशपांडे के मार्गदर्शन में शुक्रवार शाम जाल सभागृह में शास्त्रीय रागों पर आधारित फिल्मी गानों का शानदार आयोजन हुआ, इसका शीर्षक 'यमन से भैरवी तक ठाठ बैठकी के' था। सरस्वती वंदना पश्चात सभी गायकों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की विशेषता शुभांगी पारोलकर और दीपक देशपांडे के राग केदार, मालकौंस और भैरवी को विशेष तान, तराना, अलाप से जोड़कर प्रस्तुत करना था। प्रियंका आगवन, राजेंद्र केकरे ने भी उम्दा प्रस्तुतियां दी।

### कल धूमधाम से निकलेगी राधा-कृष्ण फाग यात्रा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● देवी अहिल्या युवा मंच बाणगंगा की मेजबानी में रविवार 8 मार्च को सुबह 9 बजे से कुशवाह नगर चौराहा से मरीमाता चौराहा तक भव्य राधा-कृष्ण रासरंग फाग यात्रा निकाली जाएगी। फाग यात्रा में क्षेत्र के सभी धार्मिक, सामाजिक संगठनों, युवा एवं महिला मंडलों, क्षेत्र के पार्षद, वार्ड अध्यक्ष तथा युवा एवं महिला मोर्चा से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे। यात्रा में तीन सौ फीट दूरी तक रंग गुलाल बरसाने वाली मिसाइलें, फूलों की तोप, आदिवासी नृत्य मंडलियां, गरबा मंडलियां, भजन मंडलियां भी अपनी प्रस्तुतियां देते हुए चलेंगी। यात्रा में सामाजिक समरसता, सनातन धर्म, लव जिहाद पर केन्द्रित झांकियां और भगवान कृष्ण एवं गोपियों के साथ अबीर-गुलाल एवं फूलों की पंखुड़ियों तथा सूखे और प्राकर्तिक टेसू, चन्दन एवं अन्य सुगन्धित रंगों से होली के दृश्य भी आकर्षण का केंद्र होंगे। यात्रा प्रभारी दिलीप मिश्रा, वीरू सेन एवं अनिल पिपलोदिया ने बताया कि यात्रा का शुभारंभ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, विधायक रमेश मेंदोला आदि करेंगे।

### शीघ्र हो बड़ा गणपति यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शुक्रवार को इंदौर विकास प्राधिकरण में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय नें शहर में चल रहे विकास कार्यों को लेकर अहम बैठक ली। इसमें इंदौर विकास प्राधिकरण, मेट्रो एवं नगर निगम के अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक मैं नगर निगम कमिशनर क्षितिज सिंघल, आईडीए के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े एवं मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारी राजपूत, अजय शर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मंत्री ने बड़ा गणपति पर बनने वाले ब्रिज के लिए यूटिलिटी शिफ्टिंग को लेकर चर्चा की। उन्होंने सभी विभागों में समन्वय स्थापित कर उक्त शिफ्टिंग का कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने विस्तार से पूरी स्थिति को समझा और सभी निर्माण कार्यों को सिंहस्थ पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों को नि:शुल्क उपचार देने के संबंध में बैठक आयोजित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारत सरकार द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों को नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 23 फरवरी को प्रधानमंत्री राहत योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के तहत दुर्घटना में घायल मरीजों को डेढ़ लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार प्रदान किया जाएगा। उक्त योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष क्र. 102 में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों तथा मेडिकल कॉलेजों के संचालक, प्रबंधक एवं आयुष्मान मित्र उपस्थित रहे। बैठक को संयुक्त कलेक्टर श्रीमती रोशनी वर्धमान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शरद गुप्ता, डॉ. हेमंत गुप्ता तथा पुलिस विभाग से एडिशनल डीसीपी मीना चौहान द्वारा संबोधित किया गया।

# 19 मार्च से शुरू होगा शक्ति साधना का महापर्व

## पालकी पर सवार होकर आएंगी मां भवानी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● नवरात्र वर्ष में चार बार पड़ती है- माघ, चैत्र, आषाढ़ और आश्विन. नवरात्र से वातावरण के तमस का अंत होकर सात्विकता शुरू होती है। मन में उल्लास, उमंग और उत्साह की वृद्धि होती है। ज्योतिषियों के अनुसार, दुनिया में सारी शक्ति, नारी या स्त्री स्वरूप के पास ही है। इसलिए, नवरात्र में देवी की उपासना की जाती है। नवरात्र के 9 दिनों में देवी के अलग अलग स्वरूपों की उपासना की जाती है. हर स्वरूप से विशेष तरह का वरदान मिलता है और ग्रहों की बाधा भी समाप्त होती है।

द्रिक पंचांग के अनुसार, इस बार चैत्र नवरात्र 19 मार्च 2026, गुरुवार से शुरू होगा और समापन 27 मार्च को होगा. यह पर्व हर वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है। इस दौरान मां दुर्गा की पूजा-उपासना बड़ी ही श्रद्धा के साथ की जाती है. तो आइए जानते हैं कि चैत्र नवरात्र पर इस बार घटस्थापना का क्या मुहूर्त रहने वाला है। द्रिक पंचांग के अनुसार, चैत्र मास की प्रतिपदा तिथि इस बार 19 मार्च को सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर शुरू होगी और तिथि का समापन 20 मार्च की सुबह 4 बजकर 52 मिनट पर होगा। उदयातिथि के अनुसार, इस बार चैत्र नवरात्र 19 मार्च को ही मनाई जाएगी. नवरात्र के पहले दिन



कलश स्थापना और घटस्थापना की जाती है. इस बार 19 मार्च को घटस्थापना का मुहूर्त सुबह 6 बजकर 52 मिनट से शुरू होकर सुबह 7 बजकर 43 मिनट तक रहेगा. अगर कोई इस मुहूर्त में घटस्थापना न कर पाए तो उनके लिए घटस्थापना अभिजीत मुहूर्त भी रहेगा, जिसका मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 05 मिनट से लेकर 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगा. हर बार नवरात्र में देवी अलग-अलग वाहन पर आती हैं, और उस वाहन के हिसाब से अगले छह महीने की स्थिति का अंदाजा लगाया जाता है। इस बार मां दुर्गा पालकी पर सवार होकर आएंगी और विदाई हाथी पर होगी। ज्योतिषियों के अनुसार, पालकी पर मां दुर्गा का आना शुभ नहीं माना जाता है। नवरात्र में जीवन के समस्त भागों और समस्याओं पर नियंत्रण होता है। नवरात्र के दौरान हल्का और सात्विक भोजन करना चाहिए. नियमित खानपान में जौ और जल का प्रयोग जरूर करना चाहिए। इन दिनों में तेल, मसाला और अनाज कम से कम खाना चाहिए। कलश की स्थापना करते समय जल में सिक्का डालें। कलश पर नारियल रखें और कलश पर मिट्टी लगाकर जौ बोएं। उसके बाद कलश के निकट अखंड दीपक जरूर जलाएं।

चैत्र नवरात्र की तिथि प्रतिपदा (मां शैलपुत्री) 19 मार्च 2026 द्वितीया (मां ब्रह्मचारिणी): 20 मार्च 2026 तृतीया (मां चंद्रघंटा): 21 मार्च 2026 चतुर्थी (मां कुष्मांडा): 22 मार्च 2026 पंचमी (मां स्कंदमाता): 23 मार्च 2026 षष्ठी (मां कात्यायनी): 24 मार्च 2026 सप्तमी (मां कालरात्रि): 25 मार्च 2026 अष्टमी (मां महागौरी): 27 मार्च 2026 नवमी (मां सिद्धिदात्री): 28 मार्च 2026 और रामनवमी।

## महिला दिवस पर होगा शहर में उत्कृष्ट कार्य करने वाली नारी शक्ति का सम्मान



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अग्रवाल समाज की अग्रणी एवं सक्रिय संस्था अग्रमंच की महिला सदस्यों द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भव्य आयोजन साउथ एवेन्यू होटल, इन्दौर में किया गया। जानकारी देते हुए संस्थापक दीपिका गोयल ने बताया कि, संस्था द्वारा प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी महिला दिवस पर श्रीमती आशा विजयवर्गीय, मुग्धा शुक्ला, सुजाता मिश्रा ,पूजा पाटीदार , अर्पिता बिंदल, अनू गोयल एवम अंजू अग्रवाल द्वारा किरण मुरारका , शैलजा मिश्रा , डॉ श्वेता गुप्ता, श्रेष्ठा गोयल ,डा पारूल अग्रवाल ,डॉ अदिति गोयल, डॉ सीमा अलावा , श्रद्धा यादव,प्रियंका दुडवें , भूमि अग्रवाल ,अदिति व्यास , पूर्णिमा चव्हाण, श्रीमती कविता रोडे, कीर्ति जायसवाल आदि शिक्षाविद राजनैतिक, प्रशासनिक, समाजसेवा, चिकित्सा, शिक्षा एवं खेल आदि क्षेत्रों में अपना उल्लेखनीय योगदान देने वाली शहर की महिलाओं का सम्मान किया गया।

दीपिका गोयल ने बताया कि नारी तू नारायणी वाक्य को आत्मसात करते हुए जिस प्रकार एक महिला अपने चारों तरफ की कठिनाईयों को झेलते हुए परिवार को संभालती है तथा इन सबके बावजूद भी वह शहर एवं देश की प्रगति में अपना अमूल्य योगदान देती है तो उसको सम्मान देना भी गर्व का विषय है, जिसका एक छोटा सा प्रयास संस्था द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालक रिशिता मित्तल (मोटिवेशनल स्पीकर) द्वारा किया गया। आभार एश्वर्या गोयल ने माना।

इस अवसर पर संस्था की ओर से अर्चना अग्रवाल, श्वेता गोयल ,शिल्पा केडिया, चंचल गोयल, मोना अग्रवाल, खुशबू गोयल, हंसा अग्रवाल ,मोना बंसल ,कुमुद बिंदल ,पुष्पा गर्ग, संगीता गोयल, मधुबाला अग्रवाल, स्वाति गोयल, दीपाली गोयल ,रितु गोयल,, आरती अग्रवाल,सोनल गोयल, शीना केडिया, मोनिका अग्रवाल, किरण गोयल, राखी अग्रवाल, सुधा मित्तल, आहुति मित्तल द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही है।

## भागीरथपुरा के 75 प्रतिशत इलाके में नर्मदा लाइन से होनी लगी पानी की सप्लाई

### अभी उबालकर पीने की सलाह

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भागीरथपुरा के 75 प्रतिशत हिस्से में नर्मदा जलापूर्ति बहाल हो गई है। शेष 25 प्रतिशत हिस्से में भी जल्द ही नर्मदा जलापूर्ति बहाल हो जाएगी। यह बात निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने शुक्रवार को भागीरथपुरा क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान कही। निगमायुक्त ने भागीरथपुरा पानी टंकी परिसर पहुंचकर क्षेत्र में गठित बीट टीमों के साथ बैठक की और कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि नागरिकों को समय पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निगमायुक्त ने क्षेत्र के नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए जलापूर्ति की जानकारी ली। उन्होंने नागरिकों से पूछा कि पानी नियमित रूप से मिल रहा है या नहीं, कितनी मात्रा में प्राप्त हो रहा है तथा किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं है। पानी से संबंधित कोई समस्या आती है तो तुरंत जानकारी दें निगमायुक्त ने नागरिकों से अपील की कि पानी का उपयोग सावधानीपूर्वक करें तथा पीने के पानी को उबालकर ही उपयोग में लें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि भविष्य में पानी से संबंधित कोई समस्या आती है तो तुरंत संबंधित अधिकारी या निगम के नियंत्रण कक्ष को अवगत कराएं, जिससे समय रहते उसका समाधान किया जा सके। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त भागीरथपुरा क्षेत्र स्थित शासकीय विद्यालय परिसर भी पहुंचे। उन्होंने विद्यालय के शौचालयों की साफ-सफाई, स्वच्छता व्यवस्था एवं परिसर की समुचित सफाई बनाए रखने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय हेतु पंजीयन की तिथि 10 मार्च तक बढ़ाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पहले गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 07 मार्च निर्धारित की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 10 मार्च कर दिया गया है। किसानों से अपील की गयी है कि वे अपने नजदीकी केंद्र पहुँचकर निर्धारित समयावधि के भीतर अपना गेहूं विक्रय पंजीयन अवश्य करा लें, ताकि समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय का लाभ प्राप्त किया जा सके। राज्य सरकार किसानों की सुविधा और हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक निर्णय ले रही है, जिससे अधिक से अधिक किसानों को समर्थन मूल्य योजना का लाभ मिल सके।

## जन भागीदारी से स्वच्छ होगी 21 बैकलेन, होगी स्पर्धा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● स्वच्छता के क्षेत्र में नगर निगम द्वारा लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नागरिक और रहवासी संगठनों के सहयोग से बनाई गई शहर की बैकलेन को स्वच्छ, सुंदर और आदर्श बनाने के उद्देश्य से 'रंग दे बैकलेन' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल ने बताया कि 7 मार्च को प्रात: 8 बजे से शहर के समस्त झोन क्षेत्रों में जनसहयोग से तैयार की गई 21 बैकलेन में रंग दे बैकलेन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य बैकलेन को केवल स्वच्छ रखना ही नहीं बल्कि उन्हें सुंदर, व्यवस्थित और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बनाना है। इस अभियान में स्थानीय नागरिकों, रहवासी संगठनों, सामाजिक संस्थाओं एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता और जनभागीदारी को और अधिक मजबूत किया जा सके। इसी क्रम में झोन 21 वार्ड क्र. 80 स्थित साई निकेतन -अपार्टमेंट के पास दुर्गा भोजनालय, धनवंतरी नगर बैकलेन में भी 7 मार्च प्रात: 8 बजे -विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मधु वर्मा, क्षेत्रीय पार्षद प्रशांत बडवे की उपस्थिति में जनसहभागिता से तैयार की गई -आदर्श बैकलेन में रहवासी संगठनों एवं स्कूली बच्चों की सहभागिता से योग सत्र, रंगोली एवं खेल स्पर्धा तथा बच्चों की पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित होगी।

## होली के संग संग होगी हास्य की मस्ती

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सांवेर नगर में तहसील पत्रकार संघ के तत्वाधान में पिछले सालों की तरह एकबार फिर हास्य कवि सम्मेलन और होली मिलन आज आयोजित किया जाएगा . कवि सम्मेलन प्रारंभ होने के पूर्व पहले की ही तरह मंच पर होली मिलन का कार्यक्रम होगा . कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक और मंत्री तुलसी सिलावट और महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थति रहेंगें . तहसील पत्रकार संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र सोनी और सचिव रमेश पटेल ने बताया कि सांवेर में रंगपंचमी की पूर्व रात्रि को तहसील पत्रकार संघ द्वारा कवि सम्मेलन और होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है . इस वर्ष भी आयोजन फिर किया जाएगा . जो आज सांवेर के बाजार चौक में शाम सात बजे से आयोजित होगा . क्षेत्रवासियों के स्वस्थ मनोरंजन के उद्देश्य से आयोजित इस साल के कवि सम्मेलन के सूत्रधार प्रोफेसर श्यामसुंदर पालोड होंगे . कवि सम्मेलन में हास्य के ख्याति प्राप्त कवि मुन्ना बेटरी [ मंदसौर] , कामेडियन जूनियर जानी लीवर [ मुंबई ] , हास्य अर्जुन अल्हड [ कोटा राजस्थान ] ,शृंगार कवियत्री प्रिया खुशबू [आगर] , वीर रस रुद्रप्रताप रूद्र [रीवा] शामिल होकर अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को गुदगुदाएंगे . पत्रकार संघ ने रसिक श्रोताओं से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है . कवि सम्मेलन के पहले स्थानीय प्रमुख जनप्रतिनिधियों अधिकारियों , गणमान्य नागरिकों और पत्रकारों का होली मिलन कार्यक्रम होगा .

## इस वर्ष का वर्षायोग नगर में हों कि भावना के साथ श्री फल भेंट कर किया निवेदन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर नगर में चातुर्मास हेतु मुनि श्री आदित्य सागरजी महाराज मुनि श्री अप्रमित सागर जी, मुनि श्री सहज सागर जी एवं छुल्लक श्री श्रेयस सागर जी संसघ को आज दि जैन तीर्थ बनेडिया में दि जैन समाज सामाजिक संसद कीर्ति स्तंभ और छत्रपति नगर इंदौर की और से ग्रीष्मकालीन वाचना हेतु भूपेंद्र जैन, डॉ जैनेंद्र जैन,राकेश नायक, वीरेन्द्र जैन,श्रुत जैन आदि ने सौजन्य भेंट कर एवं श्रीफल अर्पित कर उन्हें इस वर्ष का चातुर्मास इंदौर में करने का निवेदन किया। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस अवसर पर श्री हंसमुख गांधी, हर्ष जैन, देवेन्द्र सेठी अतिशय जैन,इन्दर सेठी,अतिशय सोनी चिराग गोधा आदि समाज श्रेष्ठि उपस्थित थे। मुनिश्री ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कि कहा कि इन्दौर नगर पहुंचने के बाद विचार कर बताएंगे। मुनि श्री का 12 मार्च को नरीमन सिटी में पंच कल्याणक महोत्सव हेतु मंगल प्रवेश होगा।



## 'सरस्वती अभियान' से शिक्षा की मुख्यधारा में पुन: आएगी शाला त्यागी बालिकाएं

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग की नई पहल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● प्रदेश में शाला त्यागी बालिकाओं को पुन: शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत 'सरस्वती अभियान' की शुरुआत की है। इस नवाचार के माध्यम से वे बालिकाएँ जो किसी सामाजिक, पारिवारिक या आर्थिक कारण से विद्यालय छोड़ चुकी हैं, उन्हें फिर से शिक्षा से जोड़कर आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा। राज्य स्तर पर इस अभियान को नई दिशा देने के लिए 10 मार्च को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। कार्यक्रम में शाला



त्यागी बालिकाओं को पुन: शिक्षा से जोड़ने के लिए विभाग की कार्य योजना और नवाचारों की जानकारी भी दी जाएगी। अभियान में राज्य ओपन स्कूल प्रणाली के माध्यम से बालिकाओं को कक्षा 8वीं, 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा। उन्हें अध्ययन सामग्री, मार्गदर्शन, संपर्क कक्षाएँ और मेंटोरिंग की सुविधा भी प्रदान की जाएगी, ताकि वे अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें और आगे की शिक्षा या रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार प्रदेश में बड़ी संख्या में बालिकाएँ कक्षा 8वीं, 10वीं या 12वीं से पहले ही विद्यालय छोड़ देती हैं। शिक्षा छूटने के बाद उन्हें पढ़ाई जारी रखने का अवसर नहीं मिल पाता, जिससे उनकी शिक्षा अधूरी रह जाती है और उनके भविष्य के अवसर सीमित हो जाते हैं।

## विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस 21 मार्च को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर में 21 मार्च को विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस मनाया जाएगा। इस दिन से अंतरार्ष्ट्रीय डाउन सिन्ड्रोम जागरूकता पखवाडा भी प्रारंभ होगा। इस पखवाड़े के अंतर्गत जनजागरूकता, निदान और उपचार के लिए शिविर सहित अन्य कार्यक्रम होंगे। इंदौर में पखवाड़े के अंतर्गत 26 मार्च 2026 को जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र समाज कल्याण परिसर परदेशीपुरा इंदौर डीडीआरसी में प्रात: 11 बजे से 4 बजे तक शिविर आयोजित किया गया है। यह शिविर लोकल लेवल कमेटी एवं डाउन सिन्ड्रोम फेडरेशन ऑफ इण्डिया के संयुक्त तत्वाधान में होगा। इंदौर एकेडमी आफ पीडियाट्रिक्स इंदौर के विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों के सहयोग से डाउन सिन्ड्रोम बीस्की से ग्रसित बच्चों के लिए हेल्थ केम्प, पालकगणों से चर्चा, समस्या/निदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

## सार्वजनिक अभिनंदन महोत्सव में 5 विभूतियां अंलकरण से सम्मानित



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● देश की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ने वाले इन्दौर शहर के सैनानियों में से एक नरेन्द्र सिंह तोमर (नत्थु सिंह) 4 मार्च 2026को अपने जीवन काल के 103 वर्ष पूर्ण कर 104 वर्ष में प्रवेश करने जा रहे हैं। उनके त्याग और बलिदान के लिए श्री गीता रामेश्वरम् ट्रस्ट, अ.भा. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन एवं नेताजी सुभाष मंच द्वारा सार्वजनिक अभिनंदन के साथ 5 विभुतियों को तोमर अलंकरण से मुख्य अथिति सत्यनारायण पटेल राष्ट्रीय सचिव, अभा रा.कांग्रेस, वरिष्ठ स्वतंत्रा संग्राम सेनानी बसंती लाल पाण्डे, योगेन्द्र सिंह तोमर के सानिध्य में सम्मानित हुए। इस अवसर पर कोरी समाज के व अभा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी, नेताजी सुभाष मंच संगठन के पदाधिकारी गणेश वर्मा की नि:स्वार्थ भाव से परिपूर्ण समाज सेवा की समर्पण भाव की परा कास्ट एंव मा.उच्च न्यायालय के चलाए जा रहे सामुदायिक मध्यस्थता अभियान में अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान कर समाज के पारिवारिक वाद-विवादों के प्रकरणों के निदान कलेक्टर कार्यालय व पुलिस कमिश्नर कार्यालय एंव समाज में सरल व सहज भाव से शुल्ह समझोता करवाने व समाज सेवा को देखते हुए स्वतंत्रा संग्राम सैनानी श्तोमर अलंकरण से सम्मानित किया गया।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, शनिवार 07 मार्च 2026

## न्यूज ब्रीफ

### गेहूं खरीदी पंजीयन की तिथि बढ़ाने एवं 2700 समर्थन मूल्य लागू करने की मांग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने गेहूं खरीदी के पंजीयन की तिथि बढ़ाने और सरकार द्वारा घोषित 2700 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी सुनिश्चित करने की मांग को लेकर सरकार के सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया है।संयुक्त किसान मोर्चा के नेता बबलू जाधव, रामस्वरूप मंत्री, चंदनसिंह बड़वाया, शैलेंद्र पटेल और प्रवीण ठाकुर ने बताया कि वर्तमान में गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन कराने वाले किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान जब पंजीयन कराने केंद्रों पर पहुंचते हैं तो अक्सर सर्वर डाउन होने के कारण उनका पंजीयन नहीं हो पा रहा है, जिससे किसानों का समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। नेताओं ने यह भी कहा कि दूसरी ओर पटवारियों की ड्यूटी अन्य कार्यों में लगा देने के कारण फसल की गिरदावरी का काम भी समय पर पूरा नहीं हो पाया है। इसका खामियाजा सीधे किसानों को भुगतना पड़ रहा है। कई किसान अब भी गिरदावरी और पंजीयन से वंचित हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आज कलेक्टर कार्यालय में होगी विभिन्न खेल गतिविधियां

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 7 मार्च को कलेक्टर कार्यालय में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं के बीच खेल स्पर्धा आयोजित की जाएगी। समारोह में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए कई समाजसेवी महिलाओं का सम्मान भी होगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रजनीश सिन्हा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शनिवार को कलेक्टर कार्यालय में सुबह 11 बजे से आयोजन किया जाएगा। समारोह की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त संचालक डॉ. संध्या व्यास और एसडीएम रोशनी पाटीदार होगी। आयोजन में उप निरीक्षक साइबर अपराध शाखा श्री शिवम ठक्कर साइबर सुरक्षा की एवं कोर ग्रुप सदस्य महेंद्र पाठक बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी देंगे।

### विश्व श्रवण दिवस पर जागरूकता हेतू विभिन्न गतिविधियां आयोजित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● विश्व श्रवण दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जिला चिकित्सालय इंदौर में श्रवण संबंधित जागरूकता के लिए रैली निकाली गई। इस दौरान आरडी गार्डी नर्सिंग विद्यालय इंदौर की छात्राओं द्वारा जागरूकता हेतू नुक्कड़ नाटक भी किया गया। बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत मोबाइल हेल्थ दल द्वारा विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों एवं हॉस्टल में विशेष श्रवण स्क्रीनिंग जांच शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही श्रवण स्वास्थ्य परीक्षण की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन जिले के समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओ में किया गया।

# इंदौर में पारा 36 डिग्री, प्रदेश में तेज धूप से गर्मी बढ़ी

**भोपाल (एजेंसी)** ● प्रदेश में मार्च के दूसरे पखवाड़े में तेज गर्मी का ट्रेंड है। पिछले 10 साल में 15 मार्च के बाद ही तेज गर्मी पड़ी है, लेकिन इस बार ट्रेंड बदल गया है। दूसरे पखवाड़े की बजाय शुरुआत में ही पारे में उछाल आया है। सागर, ग्वालियर-चंबल के बाद इंदौर और उज्जैन संभाग में भी गर्मी बढ़ गई है। इंदौर में पारा 36.2 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में 35 डिग्री के पार है। शुक्रवार को नर्मदापुरम सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री दर्ज किया गया। धार, दमोह, सागर, शाजापुर, गुना, छतरपुर, रतलाम और टीकमगढ़ में तापमान 36 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया। वहीं, रात में तापमान 18 डिग्री से ज्यादा है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के पूर्वी हिस्से से एक टर्फ गुजर रही है। वहीं, साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) भी एक्टिव है, लेकिन प्रदेश में ज्यादा असर नहीं है। आसमान साफ होने की वजह से सूरज की तेज धूप सीधे जमीन पर आ रही है। जिससे गर्मी का असर बढ़ा है।

मौसम केंद्र ने गाइडलाइन जारी की प्रदेश में तेज गर्मी का असर बढ़ने के बाद मौसम केंद्र भोपाल ने गाइडलाइन भी जारी की है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि दोपहर 12 से 3 बजे तक धूप का असर तेज रहता है। ऐसे में जरूरत होने पर ही घरों से बाहर निकले, वरना छांव में रहे।

40 डिग्री तक पहुंच सकता है पारा मौसम विभाग की माने तो अगले 2 दिन के अंदर प्रदेश में अधिकतम तापमान 4 डिग्री तक बढ़ेगा। ऐसे में संभावना है कि मार्च के पहले हां पखवाड़े में प्रदेश में पारा 40 डिग्री तक पहुंच जाएगा।

**भोपाल में दिन में तेज गर्मी के साथ बारिश** - भोपाल में मार्च महीने में दिन में तेज गर्मी पड़ने के साथ बारिश का ट्रेंड भी है। मौसम विभाग के अनुसार, मार्च महीने में गर्मी के सीजन की शुरुआत हो जाती है। इसके चलते दिन-रात के तापमान में बढ़ोतरी होने लगती है। आंकड़ों पर नजर डालें तो 30 मार्च 2021 को अधिकतम तापमान रिकॉर्ड 41 डिग्री पहुंच चुका है। वहीं, 45 साल पहले 9 मार्च 1979 की रात में पारा 6.1 डिग्री दर्ज किया गया था। वर्ष 2014 से 2023 के बीच दो बार ही अधिकतम तापमान 36 डिग्री के आसपास रहा। बाकी सालों में पारा 38 से 41 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा है।

**ग्वालियर में गर्मी, ठंड-बारिश का ट्रेंड-** मार्च महीने में ग्वालियर में गर्मी, ठंड और बारिश तीनों का ही ट्रेंड है। 31 मार्च 2022 को दिन का पारा रिकॉर्ड 41.8 डिग्री पहुंच गया था, जबकि 1 मार्च 1972 की रात में न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री रिकॉर्ड हो चुका है। साल 2015 में पूरे महीने 5 इंच से ज्यादा पानी गिरा। वहीं, 12 मार्च 1915 को 24 घंटे में करीब 2 इंच बारिश हुई थी।

**जबलपुर में मार्च की रातें रहती हैं ठंडी** - जबलपुर में मार्च में भी रातें ठंडी रहती हैं। पारा औसत 15 डिग्री के आसपास ही रहता है। वहीं, दिन में 36 से 40 डिग्री के बीच तापमान दर्ज किया जाता है। 31 मार्च 2017 को दिन का पारा 41.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है, जबकि 4 मार्च 1898 में रात का तापमान 3.3 डिग्री दर्ज किया गया था। यहां मार्च में मावठा भी गिरता है। पिछले 10 में से 9 साल बारिश हो चुकी है।



### इंदौर में 41.1 डिग्री तक पहुंच चुका पारा

इंदौर में मार्च से गर्मी का असर तेज होने लगता है। यहां दिन का पारा 41.1 डिग्री तक पहुंच चुका है, जो 28 मार्च 1892 को दर्ज किया गया था। 4 मार्च 1898 को रात में पारा 5 डिग्री सेल्सियस तक रहा था। 24 घंटे में करीब एक इंच बारिश होने का रिकॉर्ड है, जबकि पूरे महीने में दो इंच पानी गिर चुका है। मौसम विभाग के अनुसार, मार्च में 2 से 3 दिन बारिश होती है। कभी-कभी धूल भरी हवा की रफ्तार भी तेज होती है।

## सीएम हाउस में लगी कालूहेड़ा की क्लास, सीएम-प्रदेशाध्यक्ष की समझाईश के बाद बोले, सिंहस्थ के कामों में सहयोगी रहूंगा



**भोपाल (एजेंसी)** ●उज्जैन में सड़क चौड़ीकरण के विरोध में आंदोलन की धमकी देने वाले भाजपा विधायक अनिल जैन कालूहेडा को भोपाल तलब किया गया। शुक्रवार देर रात वे भोपाल में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और प्रदेश प्रभारी डॉ महेन्द्र सिंह से मिले। इसके बाद फिर वे सीएम हाउस पहुंचे। सीएम हाउस में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और प्रदेश प्रभारी डॉ महेन्द्र सिंह ने विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा को सिंहस्थ के लिए बनने वाली रोड़ के मामले में दिए गए वक्तव्यों के लिए नाराजगी जाहिर की। सीएम और संगठन की समझाइश के बाद कालूहेडा ने अपने बयान पर खेद जताया और कहा कि वे अब आगे सिंहस्थ के कामों में सहयोगी बनेंगे। उनकी तरफ से कोई दिक्कत नहीं आएगी। बस आम जनता से प्रशासनिक अधिकारी चर्चा करके निर्णय लें। दरअसल, उज्जैन उत्तर से भाजपा विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने शुक्रवार को कहा कि पिपलीनाका क्षेत्र की सड़क का चौड़ीकरण हुआ तो वह रोड पर उतरेंगे। सड़क चौड़ीकरण से कई परिवारों की रोजी-रोटी में दिक्कतें आएंगी, लेकिन अधिकारियों ने सीएम को गलत जानकारी दी। विधायक ने कहा कि मैंने क्षेत्रवासियों को वचन दिया। 24 मीटर की ही रोड होगी, नहीं तो आपका विधायक आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। जन आंदोलन करेंगे। मैं उसका नेतृत्व करूंगा। कलेक्टर से बोला है कि आप सीएम से बात करें। जानकारी के मुताबिक भैरव गढ़ रोड के किनारे करीब 410 घर हैं। इनमें से कई बच्चों के बोर्ड एग्जाम हैं। ऐसे में नगर निगम ने 7 दिन में घर खाली करने का नोटिस जारी किया। नोटिस के मुताबिक कई घरों का हिस्सा 10 फीट का तो कुछ का 20 फीट तक ही बच रहा है। बाकी को बुलडोजर से तोड़ने की तैयारी है।

## भाजपा प्रशिक्षण वर्ग वक्ताओं की कार्यशाला 10 मार्च को इंदौर में

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भाजपा द्वारा आयोजित प्रशिक्षण वर्ग मंडलों में 11 मार्च से 15 अप्रैल तक सम्पन्न होंगे। इस संदर्भ में मंडलों में प्रशिक्षण देने जाने वाले वक्ताओं की कार्यशाला 10 मार्च को इंदौर में सम्पन्न होगी। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महामंत्री सुधीर कोल्हे, मुकेश कुकरेजा एवं कैलाश पिपले ने बताया कि 10 मार्च को गुजराती इनोवेटिव कॉलेज, सत्य साईं चौराहा, स्कीम नंबर 54 में भाजपा द्वारा आयोजित प्रशिक्षण वर्ग के अंतर्गत वक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न होगी।



कार्यशाला में इंदौर, निमाड़, उज्जैन, मंदसौर संभाग के साथ साथ गुना और अशोक नगर जिले के अपेक्षित कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। कार्यशाला को लेकर आज भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक रमेश मेंदोला, एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर, पंकज संघवी, हरप्रीत सिंह बक्शी, पार्षद बालमुकुंद सोनी, भारत पारख, नेहा शर्मा, सचिन बंसल, वरुण पाल, दीपांश खण्डेलवाल, हेमराज वाडिया, मंडल अध्यक्ष गुड्डू कुमाऊँ आदि कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में वर्ग स्थल का अवलोकन कर व्यवस्थाओं को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की।

### दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद का शपथ विधि समारोह 9 मार्च को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● दिगंबर जैन समाज , सामाजिक संसद के नव मनोनीत संचालक मंडल का शपथ विधि समारोह सोमवार 9 मार्च को रात्रि एम जी रोड, स्थित प्रेस क्लब हाल में होगा। दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष श्री विनय बाकलीवाल एवं प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि कमेटी में परम संरक्षक, संरक्षक , परामर्शदाता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष , मंत्री , संयुक्त मंत्री आदि बनाए गए हैं उनके सभी पदाधिकारी उस दिन पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे।

### साईं बाबा की प्रभात फेरी एवं पालकी यात्रा का घर-घर हुआ पूजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● केन्द्रीय साईं सेवा समिति की मेजबानी में शुक्रवार को सुबह कुशवाह नगर एवं बाणगंगा का समूचा क्षेत्र साईं बाबा के जयघोष से गुंजायमान बना रहा। सैकड़ों साईं भक्तों सहित निकली साईं बाबा की प्रभात फेरी एवं सुसज्जित पालकी में विराजित साईं बाबा का पूजन करने के लिए पूरे समय भक्तों में होड़ लगी रही। कुशवाह नगर स्थित साईं भक्त बसंत सांवले के निवास से निकली इस पालकी यात्रा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। ब्रह्मलीन साईं भक्त विनिता पाठक को समर्पित इस प्रभात फेरी में भजन गायक प्रदीप परमार एवं अक्षत शर्मा ने साईं भक्तों को पूरे समय अपने भजनों पर थिरकाए रखा। श्री केन्द्रीय सांई सेवा समिति के अध्यक्ष गौतम पाठक, प्रदीप यादव और समीर जोशी ने बताया कि बसंत सांवले के निवास पर पालकी के पूजन और भजन संकीर्तन से शुरू हुई यह यात्रा जैसे-जैसे आगे बढती गई, साईं भक्तों का जोश और उत्साह भी कई गुना बढ़ता गया। बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने राधा और कृष्ण बनकर साईं भक्तों के साथ कदम से कदम और ताल से ताल मिलाकर बाबा के जयकारे लगाए।




**इंदौर** ● मप्रपक्षेविविकं इंदौर शहर वृत्त अधीक्षण अभियंता श्री डीके गाठे के मार्गदर्शन में बिजली कार्मिकों द्वारा महात्मा गांधी मार्ग पर शनिवार को आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं। यहां रविवार को ऐतिहासिक रंगपंचमी गेर निकलेगी, इसमें लाखों लोग भाग लेते हैं।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता
5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## इंदौर जिले में मिलावटखोरों के विरूद्ध चल रहे अभियान में एक और बड़ी कार्रवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशानुसार इंदौर में उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण तथा शुद्ध खाद्य पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार सघन मुहिम चलायी जा रही है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में मिलावटखोरों के विरूद्ध लगातार जांच कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसी सिलसिले में आज एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी न्यायालय इंदौर के न्याय निर्णायक अधिकारी श्री नवजीवन विजय पवार ने 23 प्रतिष्ठानों पर 51 लाख रुपये का अर्थदण्ड लगाया है। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा नियम 2011 के अंतर्गत की गई है। न्यायालयीन कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी न्यायालय इंदौर द्वारा उपरोक्त खाद्य प्रतिष्ठानों पर मिलावट, बिना लाइसेंस खाद्य पदार्थों का निर्माण-विक्रय तथा नियमों के उल्लंघन के मामलों में कड़ी कार्रवाई की गई है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत विभिन्न फर्मों और संस्थानों के विरुद्ध प्रकरण प्रस्तुत किए गए थे।

## मंत्री सिलावट की अध्यक्षता में सांवेर विधानसभा क्षेत्र की 29 ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पंचायत कार्यालय इंदौर के सभाकक्ष में सांवेर विधानसभा क्षेत्र की 29 ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद पंचायत इंदौर के अध्यक्ष विश्वजीत सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश मालवीय, विधायक प्रतिनिधि कमल पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामेश्वर चौहान, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बृजमोहन राठी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्रीमती प्रियंका टैगोर, इंदौर जनपद पंचायत के सांवेर विधानसभा के समस्त सरपंच, सचिव एवं जनपद के अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। बैठक में विधानसभा सांवेर क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन, विधायक निधि, मुख्यमंत्री ग्राम सडक अधोसंरचना, 15वां वित्त आयोग, 5वां वित्त आयोग, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना, मनरेगा संबंधी विकास कार्य आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी पंचायतों को अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक विकास कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए गये।

## सम्पादकीय

### फैसला ही वर्षों तक न आए, अदालतों में न्याय की धीमी रफ्तार पर सुप्रीम कोर्ट की चिंता

किसी भी नागरिक को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा होता है कि उसे न्याय अवश्य मिलेगा। मगर न्याय में देरी पीड़ितों को न केवल आर्थिक, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से भी नुकसान पहुंचाती है। अगर किसी नागरिक को न्याय पाने के लिए वर्षों तक इंतजार करना पड़े, तो आखिर उसका क्या महत्त्व रह जाता है! माना जाता है कि समय पर न्याय न मिलना अन्याय के समान होता है। मगर इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि देश में बड़ी संख्या में लोगों को इस तरह के संकट का सामना करना पड़ता है। न्याय में देरी के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें लंबित मामलों का बोझ, न्यायाधीशों की कमी और जटिल न्यायिक प्रक्रिया भी शामिल है। मगर, जब अदालती कार्यवाही पूरी होने के बाद भी वर्षों तक न्याय के लिए प्रतीक्षा करनी पड़े, तो उसे किस रूप में देखा जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में ऐसे ही तीन आपराधिक मामले इलाहाबाद उच्च न्यायालय से अपने पास स्थानांतरित किए हैं। इन मामलों में उच्च न्यायालय ने छह वर्ष पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिन पर अब तक निर्णय नहीं सुनाया गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि न्याय में हो रही असाधारण देरी से पीड़ित पक्ष के त्वरित न्याय के अधिकार पर सीधा असर पड़ रहा है। किसी भी नागरिक को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा होता है कि उसे न्याय अवश्य मिलेगा। मगर न्याय में देरी पीड़ितों को न केवल आर्थिक, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से भी नुकसान पहुंचाती है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने फैसले में माना है कि समय पर न्याय न मिलना कानून के शासन के लिए नुकसानदेह हो सकता है। यह सच है कि देश में लंबित मुकदमों का बोझ भी समय पर न्याय न मिलने का एक बड़ा कारण है। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर 2025 तक देश भर की अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मुकदमे लंबित हैं। माना जाता है कि न्यायाधीशों की कमी और लंबी एवं जटिल न्यायिक प्रक्रिया की वजह से भी मामलों की सुनवाई में देरी होती है। ऐसे में सरकार और न्यायपालिका को मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मुकदमों की बढ़ती संख्या के लिहाज से न्यायाधीशों की कमी को दूर किया जाए, न्यायिक प्रक्रिया को सुलभ एवं सरल बनाया जाए और अदालती कार्यवाही पूरी होने पर न्याय में किसी तरह की देरी न हो, ताकि न्यायपालिका पर आम लोगों का भरोसा कायम रहे।

# कनाडा यूरेनियम डील: भारत की ऊर्जा क्रांति या पर्यावरणीय संकट की शुरुआत?

### कनाडा से यूरेनियम: नेट-जीरो का रास्ता या रेडिएशन का साया?

### न्यूक्लियर पावर का नया अध्याय: क्या भारत पर्यावरण न्याय को भूल जाएगा?



ऊर्जा के मोर्चे पर भारत एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहाँ भविष्य की दिशा तय हो रही है–एक ऐसा भविष्य जहाँ बिजली की कमी अतीत बन जाए, कारखानों की चिमनियों से उठता धुआँ कम हो और हर घर तक पहुँचने वाली ऊर्जा कोयले की कालिख नहीं बल्कि स्वच्छ स्रोतों से पैदा हो। यह सपना केवल विकास का नहीं, बल्कि जलवायु सुरक्षा का भी है। लेकिन इस उजले भविष्य की राह में कुछ अंधेरे भी छिपे हैं। मार्च 2026 में भारत और कनाडा के बीच हुई अरबों डॉलर की यूरेनियम डील ने इसी द्वंद्व को फिर सामने ला खड़ा किया है। एक ओर यह समझौता ऊर्जा सुरक्षा और कम कार्बन उत्सर्जन का वादा करता है, तो दूसरी ओर खनन, रेडिएशन और पर्यावरणीय खतरों की चिंता भी बढ़ाता है। सवाल है कि क्या यह डील भारत के क्लाइमेट भविष्य को सुरक्षित बनाएगी या यह विकास की ऐसी कीमत होगी जिसे पर्यावरण और आदिवासी समुदायों को चुकाना पड़ेगा?

ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक सहयोग की दिशा में भारत-कनाडा समझौता एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह केवल व्यापारिक सौदा नहीं बल्कि रणनीतिक साझेदारी का प्रतीक भी है। इस डील के तहत कनाडा की खनन कंपनी कैमेको भारत को 2027 से 2035 के बीच लगभग 22 मिलियन पाउंड यूरेनियम देगी, जिससे भारत के 24 परमाणु रिएक्टरों को ईंधन मिलेगा। भारत की वर्तमान परमाणु ऊर्जा क्षमता लगभग 8.88 गीगावाट है, जिसे सरकार 2047 तक लगभग 100 गीगावाट तक बढ़ाने का लक्ष्य रखती है। इसके लिए छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर और उन्नत परमाणु तकनीकों पर सहयोग की भी चर्चा है। बढ़ती ऊर्जा मांग और रूस जैसे पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर वैश्विक दबाव के बीच यह समझौता भारत को एक वैकल्पिक और अपेक्षाकृत स्वच्छ ऊर्जा मार्ग दे सकता है, इसलिए इसे ऊर्जा रणनीति का महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

जलवायु परिवर्तन की चुनौती के बीच परमाणु ऊर्जा को अक्सर एक संभावित समाधान के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। भारत ने 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन और 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रखा है। इस परिप्रेक्ष्य में परमाणु ऊर्जा एक स्थिर बेसलोड प्रदान कर सकती है, जो सौर और पवन ऊर्जा की अनियमितता को संतुलित करती है। अध्ययनों के अनुसार परमाणु ऊर्जा से बिजली उत्पादन में कार्बन उत्सर्जन कोयले से कई गुना कम होता है, इसलिए यह जलवायु परिवर्तन से निपटने का महत्वपूर्ण साधन बन सकती है। लेकिन ऊर्जा के इस स्वच्छ चेहरे के पीछे एक जटिल वास्तविकता भी छिपी है—यूरेनियम के खनन, प्रसंस्करण और अपशिष्ट प्रबंधन की प्रक्रिया पर्यावरणीय जोखिमों से भरी हुई है।

ऊर्जा की चमकदार बहस में यूरेनियम खनन के पर्यावरणीय दुष्प्रभाव अक्सर दबकर रह जाते हैं। खदानों से निकलने वाले रेडियोधर्मी टेलिंग्स यानी अपशिष्ट में थोरियम और रेडियम जैसे तत्व मौजूद रहते हैं, जो लंबे समय तक मिट्टी और जल स्रोतों को दूषित कर सकते हैं। कनाडा के सस्कैचेवान क्षेत्र में स्थित कई यूरेनियम खदानों के आसपास भूजल प्रदूषण और वन्यजीवों पर प्रभाव को लेकर समय-समय पर चिंताएँ उठती रही हैं। हालांकि, नियामक रिपोर्ट्स में कुछ साइटों पर सफाई प्रयास चल रहे हैं। भारी मात्रा में पानी के उपयोग और खनन के दौरान उत्पन्न कार्बन उत्सर्जन भी इस प्रक्रिया को पूरी तरह 'स्वच्छ' नहीं रहने देते। यही कारण है कि कई पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि परमाणु ऊर्जा के पूरे जीवन चक्र को ध्यान में रखे बिना इसे जलवायु समाधान के रूप में प्रस्तुत करना अधूरा दृष्टिकोण है।

इस पूरी बहस का सबसे संवेदनशील पहलू आदिवासी समुदायों से जुड़ा हुआ है। कनाडा में जिन क्षेत्रों में यूरेनियम खनन होता है, वहाँ डेने, क्री और मेटिस जैसे इंडिजिनस समुदाय सदियों से रहते आए हैं। कई सामाजिक संगठनों का दावा है कि इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को रेडिएशन से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा है। फेफड़ों के कैंसर, जेनेटिक विकार और अन्य बीमारियों के मामलों को लेकर वर्षों से चिंता व्यक्त की जाती रही है। कई आदिवासी समूहों का आरोप है कि उनकी जमीनों का इस्तेमाल खनन के लिए किया जाता है, लेकिन निर्णय प्रक्रिया में उनकी सहमति और अधिकारों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया जाता।

परमाणु ऊर्जा की यह बहस केवल वैश्विक नहीं, भारत में भी उतनी ही तीव्रता से गूंजती है। झारखंड की जादुगुडा यूरेनियम खदान इसका सबसे चर्चित उदाहरण है, जहाँ स्थानीय हो, संताल और मुंडा आदिवासी दशकों से स्वास्थ्य और पर्यावरण संबंधी चिंताओं को उठाते रहे हैं। कई अध्ययनों में इस क्षेत्र में जन्मजात विकृतियों, कैंसर और अन्य बीमारियों के मामलों को लेकर सवाल उठे हैं। स्वतंत्र अध्ययन इसकी पुष्टि करते हैं, हालांकि यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड इसे अस्वीकार करता है। टेलिंग पॉन्ड्स से रिसाव की घटनाएँ और जल स्रोतों में भारी धातुओं की मौजूदगी ने स्थानीय लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। इन परिस्थितियों में जब परमाणु ऊर्जा विस्तार की बात होती है, तो यह सवाल भी उठता है कि क्या विकास की कीमत हमेशा उन्हीं समुदायों को चुकानी पड़ेगी जो पहले से ही हाशिये पर हैं।

इन चुनौतियों के बावजूद समाधान की संभावनाएँ भी मौजूद हैं। यदि परमाणु ऊर्जा को वास्तव में जलवायु समाधान बनाना है तो खनन से लेकर अपशिष्ट प्रबंधन तक हर चरण में कड़े पर्यावरणीय मानकों को लागू करना होगा। मजबूत पर्यावरणीय प्रभाव आकलन, पारदर्शिता और स्थानीय समुदायों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। आदिवासी समुदायों के लिए 'फ्री, प्रायर एंड इन्फॉर्म्ड कंसेंट' यानी पूर्व सहमति की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही नई तकनीकों जैसे छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर और उन्नत अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों पर भी गंभीर निवेश जरूरी है। इससे परमाणु ऊर्जा के जोखिमों को कम करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकते हैं।

ऊर्जा, पर्यावरण और न्याय के चौराहे पर खड़ी भारत-कनाडा यूरेनियम डील एक महत्वपूर्ण परीक्षा बन गई है। अंततः यह केवल ऊर्जा का सवाल नहीं है, बल्कि विकास, पर्यावरण और न्याय के बीच संतुलन की भी कसौटी है। यदि यह समझौता जिम्मेदार नीतियों और मजबूत निगरानी के साथ लागू किया जाता है, तो यह भारत के क्लाइमेट लक्ष्यों को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। लेकिन अगर पर्यावरणीय जोखिमों और आदिवासी अधिकारों की अनदेखी की गई, तो यह डील एक नई समस्या का कारण भी बन सकती है। इसलिए असली सवाल यही है—क्या हम ऐसा विकास मॉडल चुनेंगे जो ऊर्जा सुरक्षा के साथ-साथ प्रकृति और मानव गरिमा की भी रक्षा करे? भारत के क्लाइमेट भविष्य का उत्तर शायद इसी संतुलन में छिपा है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत',**
बड़वानी (मप्र)

## आंचलिक

# किसानों का अल्टीमेटम, खरीदी व कर्ज अदायगी बढ़ाने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • भीकनगांव में भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक कृषि उपज मंडी में आयोजित की गई। बैठक में किसानों ने उद्वहन सिंचाई योजना में आ रही समस्याओं पर नाराजगी जताई और सरकार से जल्द समाधान की मांग की। इस दौरान किसानों ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम के नाम ज्ञापन भी सौंपा। बैठक में किसानों ने गेहूं और चने का समर्थन मूल्य बढ़ाने, 15 मार्च से समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू करने तथा सहकारी समितियों में कर्ज अदायगी की अंतिम तारीख 30 अप्रैल तक बढ़ाने की मांग की। किसान संघ ने चेतावनी दी



कि यदि उनकी मांगों पर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। बैठक के दौरान भारतीय किसान संघ के स्थापना दिवस के अवसर पर भगवान बलरामजी का पूजन भी किया गया। कार्यक्रम में श्यामसिंह पवार, गजानन बांके, वासुदेव चौधरी, राधेश्याम पटेल, दादूसिंह चौहान, कीरेसिंह सोलंकी, नितेशसिंह मौर्य, नरेंद्रसिंह सोलंकी सहित करीब 15 गांवों के किसान प्रतिनिधि शामिल हुए। किसान संघ की पांच सूत्रीय मांगों में भीकनगांव-बिंजलवाड़ा उद्वहन सिंचाई परियोजना का कार्य शीघ्र पूरा करना, गेहूं और चने का समर्थन मूल्य बढ़ाना, 15 मार्च से समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू करना, सहकारी समितियों में ऋण अदायगी की तारीख 30 अप्रैल तक बढ़ाना और समर्थन मूल्य पर पंजीयन की तारीख आगे बढ़ाना शामिल है।

# निमंत्रण न मिलने पर जिला पंचायत अध्यक्ष नाराज, पार्टी की बैठक में आपत्ति जताई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े को अब संगठन में भी दरकिनार किया जा रहा है। शुक्रवार को पार्टी दफ्तर में एक बैठक के दौरान उन्होंने आपत्ति जताई और कहा कि मैं एक जनप्रतिनिधि हूं। पार्टी की बैठकों के बारे में उन्हें सूचना नहीं दी जाती है। मामले में जिलाध्यक्ष ने तत्काल खेद जताते हुए माफी तक मांगी और विश्वास दिलाया कि आगे से ऐसा नहीं होगा। दरअसल, पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को आजीवन सदस्यता निधि को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई थी। इस बैठक में अपेक्षित लोगों को बुलाया गया था। यानी जनप्रतिनिधि और जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी मौजूद थे। आजीवन सदस्यता निधि को लेकर पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि अपनी बात रख रहे थे। इसी दौरान जिला पंचायत की अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े खड़ी हुईं और अपने हाथ में माइक थाम लिया। वानखेड़े ने कहा कि, मेरे साथ जो कुछ हो रहा है, वह गलत है। मुझे बैठकों की सूचना नहीं दी जाती है।



जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े की आपत्ति के बाद पार्टी जिलाध्यक्ष राजपालसिंह तोमर ने तत्काल खेद जताया। उन्होंने कहा कि, आप जनप्रतिनिधि हैं। आप सम्मानित पद पर हैं। सभी अपेक्षित लोगों को सूचना देने के लिए पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मा दिया गया है। मैं माफी चाहता हूं और कहां समस्या जा रही है, इसे दिखवा लिया जाएगा। पार्टी जिलाध्यक्ष राजपालसिंह तोमर ने सूचना देने की जिम्मेदारी जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज की बताई है। उन्होंने बैठक के दौरान ही कहा कि सूचना के लिए महामंत्री धर्मेंद्र बजाज से कहा गया था। अब आगे से ऐसा नहीं होगा। जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज को विधायक कंचन तनवे का करीबी माना जाता है। वहीं विधायक और जिला पंचायत अध्यक्ष के बीच लंबे समय से अनबन चली आ रही है। शायद यही वजह है कि विधायक के करीबी महामंत्री द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष को सूचना नहीं दी गई होगी। पार्टी के लोगों में इसी बात के कयास लगाए जा रहे हैं।

# महिला पर कुत्तों का हमला पांच-छह स्ट्रीट डॉग्स ने काटा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • एक सेवानिवृत्त महिला पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने पत्थर मारकर कुत्तों को भगाया और महिला को बचाया। यह घटना गुरुवार रात शहर के बीटीआई रोड पर हुई। नगरपालिका की सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रतिभा मोडक बीटीआई रोड स्थित अपने घर के बाहर टहल रही थीं। इसी दौरान रोड पर बैठे पांच-छह आवारा कुत्तों के झुंड ने उन्हें अचानक घेर लिया। महिला ने भागने की कोशिश की, लेकिन कुत्तों ने उन पर हमला कर उन्हें सड़क पर गिरा दिया। हमले के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने दौड़कर कुत्तों को पत्थर मारकर भगाया और महिला को बचाया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें कुत्तों द्वारा महिला पर हमला करने और लोगों द्वारा उन्हें बचाने का दृश्य साफ दिख रहा है। कुत्तों के हमले में प्रतिभा मोडक के पैरों में गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान हो गईं। उन्हें तत्काल कॉलोनी के निजी मलिक अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। डॉक्टरों ने उन्हें एंटीबायोटिक और रेबीज के इंजेक्शन दिए हैं। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। शहर के औरंगपुरा, संजयनगर, सरस्वतीनगर और बृज विहार कॉलोनी जैसे अन्य इलाकों में भी आवारा कुत्तों के हमले की ऐसी घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं।

# जलकर आधा करने का फैसला, एमआईसी बैठक में 200 से घटाकर 100 रुपए मंथली किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • नगर निगम की शुक्रवार को हुई मेयर इन कौंसिल (एमआईसी) की बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसमें जलकर की मासिक राशि 200 रुपए से घटाकर 100 रुपए करने पर सर्वसम्मति से मुहर लगाई गई।



इस निर्णय से शहर के आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। यह बैठक शुक्रवार को महापौर माधुरी पटेल की अध्यक्षता में हुई, जिसमें एमआईसी सदस्यों और नगर निगम के अधिकारियों ने भाग लिया। गौरतलब है कि कुछ समय पहले निगम की बैठक में जलकर की राशि 50 रुपए से बढ़ाकर 200 रुपए करने का निर्णय लिया गया था। हालांकि, पार्षदों के आग्रह पर इस निर्णय का क्रियान्वयन शुरू नहीं किया गया था। जलकर घटाने का प्रस्ताव महापौर माधुरी पटेल ने बारादरी परिसर में हुई एक अनौपचारिक बैठक में सभी पार्षदों के सामने रखा था। पार्षदों ने इस प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार किया, जिसके बाद एमआईसी की बैठक में नागरिकों को राहत देते हुए जलकर राशि कम करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इनमें बस स्टैंड पर स्थित कॉम्प्लेक्स की दुकान नंबर 2 के लिए प्राप्त निविदा को मंजूरी देना शामिल है। इसके अतिरिक्त, शनवारा चौराहा से गणपति थाने तक डब्ल्यूबीएम सड़क निर्माण कार्य के लिए प्राप्त निविदा पर भी विचार कर आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक में पूर्व महापौर अतुल पटेल, निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, एमआईसी चैयरमैन धनराज महाजन, भारत इंगले, संध्या राजेश शिवहरे, संभाजी सगरे, नितेश रोशन दलाल, महेंद्र इंगले, अनिल विस्पुते, सहायक आयुक्त रितेश पाटीदार, स्वर्णिका वर्मा, लेखा अधिकारी विक्रम पोरवाल, सहायक यंत्री अशोक पाटिल, गोपाल महाजन, उपयंत्री सौरव वर्मा, जन संपर्क अधिकारी हरीश मोरे, संजय शाह, वीरेंद्र रवाये और उप स्वास्थ अधिकारी गणेश पाटिल सहित अन्य अधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# संत सिंगाजी पावर प्लांट.. गर्मी में बढ़ी मांग – 1860 मेगावाट बिजली सप्लाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • गर्मी की शुरुआत के साथ ही बिजली की मांग बढ़ने पर श्री संत सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना ने उत्पादन तेज कर दिया है। 2520 मेगावाट क्षमता वाले इस प्लांट से वर्तमान में 1860 मेगावाट बिजली बनाई जा रही है। निर्बाध आपूर्ति के लिए इंदिरा सागर जलाशय के हनुवंतिया क्षेत्र में दो इंटेकवेल और तीन पंप लगाए गए हैं। चारों इकाइयों के संचालन में प्रतिदिन लगभग 2 लाख घन मीटर पानी का उपयोग हो रहा है। मुख्य अभियंता जेसी जुनवाल के अनुसार, मांग के अनुरूप उत्पादन जारी है।



- 12 किमी पाइपलाइन की लंबाई
- 2 लाख घन मी. रोज पानी दे रहे
- 74 मिलियन घन मीटर पानी एक साल में लगता है।
- 1860 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा।

# ब्रूक की गलतियां इंग्लैंड को भारी पड़ीं



**मुंबई (एजेंसी)** ●टी20 विश्वकप से इंग्लैंड टीम के बाहर होते ही उसके कप्तान हैरी ब्रूक की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। भारत के साथ महत्वपूर्ण सेमीफाइनल मुकाबले में ब्रूक की गलतियां टीम को भारी पड़ी हैं। पहली गलती ये थी कि मैच में टॉस जीतने के बाद भी उन्होंने पहले गेंदबाजी का फैसला किया थ। शुरु में जब भारतीय टीम के बल्लेबाज .अभिषेक शर्मा आउट हुए तो लगा कि फैसला सही था पर इसके बाद जिस प्रकार से भारतीय बल्लेबाजों ने खेला उससे हैरी गलत साबित हुए। भारतीय बल्लेबाजों ने आसानी से रन बनाये। वहीं हेरी से तब दूसरी बड़ी गलती हुई जब उन्होंने जोफ्रा आर्चर की गेंद पर भारतीय बल्लेबाज संजू सैमसन का हाथ में आया कैच गिरा दिया। उस समय सैमसन केवल 15 रनों पर खेल रहे थे। इसके बाद उन्होंने इस अवसर का लाभ उठाते हुए 89 रन बनाकर भारतीय टीम को काफी अच्छी में पहुंचा दिया।

ब्रूक की इस गलती के कारण ही भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 253 रन बना दिये। आईसीसी टी20 विश्व कप के नॉकआउट में ये सबसे बड़ा स्कोर है। सैमसन के अलावा भारततीय टीम की ओर से शिवम दुबे और ईशान किशन ने भी तेज पारियां खेलीं। वहीं ही इंग्लैंड की टीम जैकब बेथल के शतक बाद भी 7 रन से हार गयी। इस मैच में अगर ब्रूक ने सैमसन को वह कैच पकड़ लिया होता तो भारतीय टीम शायद ही 200 से ऊपर बना पाती।

वहीं इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की ओर से जैकब बेथल ने शतक लगाया पर वह इसके बाद भी 246 रन ही बना पायी और 7 रनों से हार गयी। ब्रूक बल्लेबाजी के दौरान शुरुआत में ही आउट हो गये और दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये। ऐसे में इस मैच में अपने गलत फैसलों का पछताव उन्हें ताउम्र रहेगा।

# विद्या बालन को अपना 'हीरो' मानती हैं तापसी



**मुंबई (एजेंसी)** ● अभिनेत्री तापसी पन्नू, विद्या बालन को अपना हीरो मानती हैं। हाल ही में तापसी पन्नू ने बताया कि हिंदी सिनेमा में अपने करियर को लेकर उनकी सोच पर विद्या बालन का कितना गहरा प्रभाव रहा है। तापसी ने कहा कि वह विद्या को अपना हीरो मानती हैं, क्योंकि उनकी फिल्मों ने उन्हें यह विश्वास दिलाया कि इंडस्ट्री में महिला कलाकार भी लंबे समय तक मजबूत और दमदार भूमिकाओं के साथ आगे बढ़ सकती हैं। तापसी पन्नू ने कहा कि विद्या मेरी हीरो हैं, क्योंकि उन्होंने मेरे करियर को देखने का पूरा तरीका बदल दिया। उन्होंने मुझे यह विश्वास दिलाया कि मैं भी ऐसा कर सकती हूं। यकीन मानिए अगर उनकी दि डर्टी पिक्चर और कहानी जैसी फिल्में नहीं बनी होतीं, तो शायद मेरे जैसे कलाकारों को इंडस्ट्री में आगे बढ़ते रहने का साहस ही नहीं मिलता। इन्हीं फिल्मों ने मेरे करियर की 'शेल्फ लाइफ' को लेकर मेरा नजरिया बदल दिया क्योंकि यह फ़िल्में तब रिलीज़ हुईं, जब मैं हिंदी फिल्मों में अपने करियर की शुरुआत कर रही थीं। इन फिल्मों की सफलता ने मुझे यह भरोसा दिलाया कि अभिनेत्रियां भी कंटेंट-ड्रिवन और मजबूत कहानियों वाली फिल्मों को अपने दम पर आगे बढ़ा सकती हैं।

# शास्त्री ने बताया सैमसन की सफलता का राज

**मुंबई (एजेंसी)** ● भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने संजू सैमसन की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनके प्रदर्शन में ये अंतर मानसिक मजबूती के कारण आया है। शास्त्री ने कहा कि संजू को अहसास हो गया है कि टीम में बने रहने के लिए निरंतरता की जरुरत है। सैमसन ने विश्व कप में प्रदर्शन में निरंतरता और बेहतर शॉट चयन के सहारे अपने प्रदर्शन में बदलाव किया है। शास्त्री ने कहा, मुझे लगता है कि उन्हें यह अहसास हो रहा है और वह इस बात को स्वीकार कर रहे हैं कि उन्हें अपने प्रदर्शन में अधिक निरंतरता की जरूरत है। उन्हें अपने शॉट चयन में अधिक समझदारी दिखानी होगी और अपने मजबूत पक्षों पर भरोसा करना होगा। संजू के साथ दिक्कत यह है कि उनके पास हर तरह के शॉट हैं, लेकिन एकाग्रता में कमी है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वह मानसिक रूप से मजबूत हो गया है। जब से वह टीम में आया है तब से किसी ने भी उसकी योग्यता पर संदेह नहीं किया। लोग इस बात से निराश हैं कि उनके प्रदर्शन में अब तक जो निरंतरता दिखनी चाहिए थी वह नहीं दिख रही है। लेकिन अब वह परिपक्व हो गया है।



सैमसन के सलामी जोड़ीदार अभिषेक शर्मा की फॉर्म फाइनल से पहले भारत के लिए चिंता का विषय है। अभिषेक टी20 विश्व कप में सात पारियों में केवल 89 रन ही बना पाए हैं, लेकिन शास्त्री का मानना ??है कि भारत को टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज को ही मौका देना चाहिए। शास्त्री ने कहा, मुझे लगता है कि उन्हें टीम में बनाए रखना चाहिए। टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है और उसमें किसी तरह के बदलाव की जरूरत नहीं है।

## 8 से 14 मार्च तक खेले जाएंगे एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर

**हैदराबाद (एजेंसी)** ● एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर 8 से 14 मार्च तक खेले जाएंगे। इसके लिए टीमों का भारत आने का सिलसिला शुरु हो गया है। इसी के तहत ही सबसे पहले इटली की टीम हैदराबाद, तेलंगाना पहुंच गयी है। आठ से 14 मार्च तक होने वाले इस टूर्नामेंट में आठ देश मुकाबला करेंगे। इस टूर्नामेंट में आठ देशों शामिल रहेंगे। इसमें इटली को पूल ए में जगह मिली है। इसमें उसका सामना इंग्लैंड, कोरिया और ऑस्ट्रिया से होगा। इटली ने पहले दो बार एफआईएच हॉकी विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया था। उसने पहली बार 1976 में और 2018 में क्वालिफाई किया था। तब वह नौवें स्थान पर रही थी। इस बार इटली अपना पहला मुकाबला 8 मार्च को इंग्लैंड से खेलेगी। इसके बाद 9 और 11 मार्च को ऑस्ट्रिया और कोरिया से उसके मैच हैं। इटली की महिला टीम की कप्तान, सारा पुग्लिसी ने कहा, हम अच्छी तैयारी के बाद यहां हैदराबाद पहुंचे हैं। हम एफआईएच हॉकी विश्व कप के लिए क्वालिफ़ाई मुकाबालों की तैयारी से आये हैं।

## फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' हंसी के साथ-साथ गहरा संदेश भी देती है

**मुंबई (एजेंसी)** ●कॉमेडी और संवेदनशील अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता अनुपम खेर इस बार एक ऐसी कहानी लेकर आए हैं, जो हंसी के साथ-साथ गहरा संदेश भी देती है। अनुपम खेर की नई फिल्म तन्वी द ग्रेट अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज हो चुकी है और इसके ट्रेलर ने दर्शकों का खूब ध्यान खींचा है। ट्रेलर देखकर समझा जा सकता है कि फिल्म एक भावनात्मक सफर है, जो किसी को भी आकर्षित कर सकती है। फिल्म की कहानी एक दादा और उनकी ऑटिज्म से पीड़ित पोती तन्वी के संबंधों पर आधारित है। तन्वी भले ही अलग तरीके से दुनिया को समझती है, लेकिन वह कमजोर नहीं। वह सामान्य बच्चों की तरह सब काम कर सकती है, बस थोड़ा धीरे और अपनी गति से। अनुपम खेर फिल्म में उसके दादा की भूमिका में हैं, जो उसकी देखभाल तो करते ही हैं, साथ ही उसे आत्मनिर्भर और साहसी बनने के लिए प्रेरित भी करते हैं। तन्वी का सपना भारतीय सेना में भर्ती होने का है और फिल्म इसी सपने की जद्दोजहद, उसके हौसले और उसकी अनोखी दुनिया को बेहद संवेदनशील तरीके से दर्शाती है।



# उज्जैन संभाग

## आरएसएस पदाधिकारी पर हमला करने वाले दो बदमाश पकड़ाए

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ● शहर की पॉश कॉलोनी में चोरी की नियत से घुसे बदमाशों द्वारा आरएसएस के पदाधिकारी पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को नागझिरी पुलिस ने धर दबोचा, बदमाशों ने कचरा बीनने के बहाने सुने मकान की रेकी की थी। जिसके बाद चोरी करने के प्रयास के बाद रहवासी पर हमला कर दिया था। पुलिस ने आरोपी को मौका मुआयना करवाने के लिए घटना स्थल पर पहुंची थी। उज्जैन शहर की प्रमुख आवासीय कॉलोनी पार्श्वनाथ सिटी की सोसायटी के ए-ब्लॉक में निवासरत मनोहर सिंह आंजना किसी काम से अपने मकान में ताला लगाकर बाहर गए हुए थे। इस दौरान उनके मकान पर 18 फरवरी को रात करीब 2 बजे अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी का प्रयास किया गया। इस दौरान आसपास के लोग आवाज सुनकर जाग गए। घटना की सूचना मिलने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी अर्जुन सिंह चंदेल मौके पर पहुंचे थे, उन्होंने चोरों को ललकारा तो चोरों द्वारा उन पर हथियार से प्राणघातक हमला कर दिया गया। इस हमले में वे गंभीर रूप से घायल हुए और उनकी आंख में गंभीर चोट आई थी। उनकी आंखों का ऑपरेशन के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते एसपी प्रदीप शर्मा ने अधिकारियो को जल्द आरोपी को पकड़ने के लिए निर्देश दिए थे। नागझिरी थाने पर एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज, विशेष तकनीकी साक्ष्यों, साइबर सेल से प्राप्त जानकारी एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपियों की पहचान कर उन्हें चिन्हित किया गया। सघन तलाश एवं दबिश के दौरान पुलिस टीम द्वारा प्रकाश पिता महफूज पारदी, उम्र 26 वर्ष, गुना, और विकास पिता जितेंद्र पारदी, उम्र 18 वर्ष को गिरफ्तार किया है। सीएसपी श्वेता गुप्ता ने बताया कि आरोपी कचरा बीनने के बहाने घरो की रेकी करते थे। दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया है इनके बाकी के साथियों की तलाश जारी है।

## जनसुविधा केंद्र तोड़ने पर विवाद, पार्षद ने अधिकारियों पर बदसलूकी का आरोप लगाया

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ● वार्ड क्रमांक 33 की भाजपा पार्षद लीला वर्मा ने जनसुविधा केंद्र को जेसीबी से तोड़ने और विरोध करने पर अधिकारियों द्वारा बदसलूकी और गाली-गलौज का आरोप लगाया है। यह घटना 5 मार्च की रात हरसिद्धि क्षेत्र में हुई। पार्षद ने इस मामले की शिकायत एसपी, कलेक्टर और नगर निगम अधिकारियों से की है।



लीला वर्मा के अनुसार, 5 मार्च की रात करीब 11 बजे हरसिद्धि मंदिर के सामने स्थित जनसुविधा केंद्र को कुछ लोगों ने जेसीबी की मदद से तोड़ दिया था। जब वह मौके पर पहुंचीं और तोड़ने का कारण पूछा, तो वहां मौजूद लोगों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और गाली-गलौज की।

इस घटना के विरोध में लीला वर्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर उन्होंने धरना भी दिया था, जिसे सभापति कलावती यादव से बातचीत के बाद समाप्त कर दिया गया। पूर्व पार्षद लीला वर्मा ने बताया कि उन्होंने यह जनसुविधा केंद्र जनता की सुविधा के लिए बनवाया था और इसकी जानकारी अधिकारियों को भी थी। उन्होंने कहा कि वह वार्ड क्रमांक 33 से दो बार पार्षद रह चुकी हैं।

वहीं, इस संबंध में सहायक आयुक्त नगर निगम प्रदीप सेन ने बताया कि उन्हें लीला वर्मा के बारे में जानकारी नहीं है और ऐसा कुछ नहीं हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें कमिश्नर से अवैध शटर या बिना अनुमति के निर्माण को हटाने का आदेश मिला था। सरकारी जगह पर बिना अनुमति के कोई भी निर्माण नहीं किया जा सकता है।

## नकुल ने नासा वेबसाइट में सुरक्षा खामी खोजी:बग रिपोर्ट करने पर प्रशंसा पत्र मिला

दैनिक इंदौर संकेत

**बुरहानपुर** ● जिले के ग्राम चापोरा के किसान परिवार से आने वाले नकुल महाजन ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी नासा की वेबसाइट में एक गंभीर सुरक्षा खामी का पता लगाया है। नासा ने इस खामी की पड़ताल करने के बाद इसकी पुष्टि की और शुक्रवार को नकुल महाजन को एक प्रशंसा पत्र भेजा। एक ऐसी सुरक्षा कमजोरी है जिसमें कोई हैकर वेबसाइट में खतरनाक स्क्रिप्ट (कोड) डाल देता है। यह कोड वेबसाइट के सर्वर में सेव हो जाता है और जब भी कोई यूजर उस पेज को खोलता है तो वह कोड अपने-आप चलने लगता है। नकुल ने बताया कि उन्होंने नवंबर 2025 में नासा की वेबसाइट में यह खामी खोजी थी। यह खामी प्रोग्राम की पांच कैटेगरी में से Px कैटेगरी में आती है। नासा स्वयं एक प्रोग्राम चलाकर लोगों से ऐसी सुरक्षा खामियों की रिपोर्ट करने का आग्रह करता है। नकुल इस खामी को खोजने के लिए दो साल से प्रयास कर रहे थे। इस तरह की सुरक्षा कमजोरी का फायदा उठाकर कोई हैकर यूज़र का लॉगिन सेशन चोरी कर सकता है। इसके अलावा, यूज़र की व्यक्तिगत जानकारी जैसे नाम, ईमेल और मोबाइल नंबर भी चुराए जा सकते हैं। हैकर यूज़र को फर्जी वेबसाइट या पेज पर भी भेज सकता है और उसकी जानकारी या अनुमति के बिना उसके अकाउंट से कई तरह की गतिविधियां कर सकता है।

## चिंचाला श्मशान घाट के लिए वर्क ऑर्डर जारी, 12.50 लाख से बनेगा शेड

दैनिक इंदौर संकेत



**बुरहानपुर** ● विधायक अर्चना चिटनिस ने लालबाग क्षेत्र स्थित चिंचाला श्मशान घाट के सुनियोजित विकास के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नगर निगम अधिकारियों के साथ श्मशान परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि विभिन्न निर्माण कार्यों के वर्क ऑर्डर जारी किए जा चुके हैं और जल्द ही कार्य प्रारंभ होंगे। विधायक चिटनिस ने जानकारी दी कि चिंचाला श्मशान घाट के विकास के लिए 12 लाख 50 हजार रुपए की लागत से शेड निर्माण का वर्क ऑर्डर भी जारी हो चुका है। यह शेड अंतिम संस्कार के लिए आने वाले नागरिकों को धूप और बारिश से राहत देगा।

श्मशान परिसर में विद्युत पोल और विद्युत लाइन शिफ्टिंग का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। इससे आगामी निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। अर्चना चिटनिस ने कहा कि श्मशान घाट केवल अंतिम संस्कार का स्थान नहीं, बल्कि समाज की संवेदनाओं और संस्कारों से जुड़ा महत्वपूर्ण स्थल है। इसे सुव्यवस्थित, स्वच्छ, सुनियोजित और हरित परिसर के रूप में विकसित किया जाना चाहिए, ताकि नागरिकों को शांत और स्वच्छ वातावरण के साथ आवश्यक सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि प्रत्येक श्मशान घाट की देखभाल के लिए एक समिति गठित की जानी चाहिए, ताकि उसका उचित रखरखाव सुनिश्चित किया जा सके।

# पर्यटक से मारपीट, दो गिरफ्तार, गाड़ी खड़ी करने पर की थी मारपीट

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ● दर्शन के लिए आए जयपुर के एक पर्यटक परिवार के साथ पार्किंग विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। महाकाल थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। महाकाल थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए, पार्किंग विवाद में शामिल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, घटना 3 मार्च 2026 को हुई है। जयपुर के प्रताप नगर निवासी नितिन चतुर्वेदी अपने परिवार के साथ उज्जैन दर्शन के लिए आए थे। रात करीब 8 बजे उन्होंने अपनी महिंद्रा थार नृसिंह घाट ब्रिज के पास स्थित सांवरिया भोजनालय के सामने खड़ी की और घाट की ओर चले गए।

रात लगभग 9:35 बजे जब वे लौटे, तो भोजनालय से दो युवक आए और उनसे पार्किंग के लिए 50 रुपए मांगने लगे। पैसे देने से इनकार करने पर युवकों ने नितिन चतुर्वेदी के साथ गाली-गलौज की और थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की। जब उनकी पत्नी और बेटे ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, तो उनके साथ भी मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपियों ने अपने नाम महेंद्र और महेश माली बताए, जो सांवरिया भोजनालय से जुड़े हुए हैं। नितिन चतुर्वेदी की शिकायत पर महाकाल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान, आरोपियों की पहचान भूखी माता रोड, उज्जैन निवासी महेंद्र माली (26) और महेश माली (23) के रूप में हुई। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों को नृसिंह घाट क्षेत्र के सांवरिया भोजनालय से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने पर्यटक और उनके परिवार के साथ मारपीट करने की बात स्वीकार की। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की प्रक्रिया पूरी कर ली है।

न्यूज ब्रीफ

## हेड कॉन्स्टेबल के बर्थडे पर बदमाशों ने दिए गुलदस्ते, फोटो खिंचवाए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** संयोगितागंज क्षेत्र के बदमाशों ने परदेशीपुरा थाने के हेड कॉन्स्टेबल के जन्मदिन पर फोटोशूट कराया। इतना ही नहीं, बदमाशों ने उन्हें गुलदस्ता भी दिया। बताया जा रहा है कि दोनों बदमाशों के पिता पर भी गंभीर अपराध दर्ज हैं। वह संयोगितागंज थाने का एचएस (हिस्ट्रीशीटर) है। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह बदमाशों पर नकेल कसने की कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन कुछ पुलिसकर्मी उनसे दोस्ती निभाते नजर आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला परदेशीपुरा थाने के हेड कॉन्स्टेबल से जुड़ा सामने आया है। हेड कॉन्स्टेबल जीतू सरदार का बुधवार को जन्मदिन था। इस मौके पर संयोगितागंज क्षेत्र के बदमाश अक्रात बोयत, उसका भाई आयुष बोयत और चाचा विकास बोयत कार्यक्रम में पहुंचे थे। इन तीनों के खिलाफ संयोगितागंज थाने में आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रक्रिया हुई प्रारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** इंदौर जिले के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना के अंतर्गत आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 15 मार्च है। सहायक आयुक्त अनुसूचित जाति एवं आदिवासी विकास ने बताया कि एमपीटास पोर्टल पर नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन दर्ज करने के लिए लिंक खोल दी गई है। यह लिंक शैक्षणिक वर्ष 2022-23, वर्ष 2023-24 और वर्ष 2024-25 के लिए खुली रहेगी।

# ट्रैफिक सुधार अभियान-2517 के नो पार्किंग में बनाए चालान, 3600 लोगों को दिए हेलमेट

### शहर के ट्रैफिक को सुधारने के लिए चार पेट्रोलिंग टीमें बनाई गई है

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** शहर के ट्रैफिक को सुधारने के लिए चार पेट्रोलिंग टीमें बनाई गई हैं। ये नो पार्किंग में खडे वाहनों के चालान भी बना रही है। टीम ने 13 दिनों में 2517 नो पार्किंग के चालान बनाए हैं। पहली बार नो पार्किंग के इतने चालान बनाए गए हैं। इसके साथ ही हेलमेट जागरुकता अभियान भी जारी है। इस अभियान के तहत अभी तक 3600 से ज्यादा जरुरतमंद लोगों को पुलिस ने हेलमेट वितरित किए हैं।

**पहली बार नो पार्किंग के इतने ज्यादा चालान**-ट्रैफिक सुधार अभियान के तहत यातायात के चारों जोन के लिए विशेष पेट्रोलिंग टीमों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही। टीमों का मुख्य उद्देश्य शहर के व्यस्ततम मार्गों, प्रमुख बाजार क्षेत्रों एवं यातायात दबाव वाले स्थानों पर अव्यवस्थित एवं अवैध पार्किंग पर नियंत्रण कर यातायात को सुगम बनाना है। इसी क्रम में 21 फरवरी से 5 मार्च तक यातायात की सभी पेट्रोलिंग टीमों द्वारा अपने. अपने निर्धारित क्षेत्रों में भ्रमण कर यातायात दबाव एवं अव्यवस्थित पार्किंग की स्थिति का निरीक्षण किया गया। इन 13 दिनों में 2517 वाहन चालकों के विरुद्ध व्हील लॉक लगाकर कार्यवाही की गई। टीमों की कालानी नगर, एयरपोर्ट रोड, बड़ा गणपति से गौराकुण्ड, इमली बाजार, अंतिम चौराहा, मरीमाता से बाणगंगा तक, मालवामिल से पाटनीपुरा, भमोरी, एलआईजी, रसोमा, मेदांता रोड, विजयनगर क्षेत्र, जेल रोड, एमटीएच, आरएनटी मार्ग, एमजी रोड, व्हाइट चर्च से दवा बाजार, मधु मिलन, जंजीरवाला, पलासिया से व्हाईट चर्च, घण्टाघर से गीताभवन सडक के दोनों तरफ, सपना संगीता, टॉवर चौराहा से खातीवाला टैंक, सिंधी कालोनी, राजवाड़ा क्षेत्र, जवाहरमार्ग, खजूरी बाजार, सराफा क्षेत्र, भंवरकुआ से भोलाराम उस्ताद मार्ग पर कार्रवाई जारी है। पेट्रोलिंग टीमों द्वारा मुख्य मार्गों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतत भ्रमण करते हुए पीए सिस्टम, बॉडी वॉर्न कैमरा, क्रेन सपोर्ट वाहन, व्हील लॉक एवं पीओएस मशीन की सहायता से अवैध पार्किंग कर यातायात बाधित करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई वही हजारो वाहनों को एनाउंसमेंट कर हटाया गया। यातायात पुलिस द्वारा पहले वाहन चालकों को समझाइश एवं चेतावनी दी जा रही इसके पश्चात नियमों का उल्लंघन जारी रहने पर व्हील लॉक एवं क्रेन के माध्यम से चालानी कार्यवाही की गई।





### दिए साढ़े तीन हजार से ज्यादा हेलमेट

पुलिस कमिश्नर संतोषकुमार सिंह की अगुवाई में अभी तक 22 हेलमेट वितरण कार्यक्रम आयोजित कर 3600 से ज्यादा हेलमेट जरूरतमंदों को प्रदान किए जा चुके हैं। शुक्रवार को पलासिया बौराहे पर पुलिस कमिश्नर एवं पुलिस उपायुक्त, प्रभारी यातायात राजेश कुमार त्रिपाठी व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में ट्रैफिक पुलिस द्वारा 22 वां हेलमेट पहनें. सुरक्षित रहें वृहद जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस कमिशनर द्वारा युवा, बुजुर्ग, जरूरतमंद ऐसे वाहन चालक जिनके पास रजिस्ट्रेशन लाइसेंस दस्तावेज पूर्ण थे उन्हें हेलमेट प्रदान किए गए। ऐसे वाहन चालकों द्वारा नियमों का उल्लंघन करने पर पहले चालान किया गया फिर सुरक्षा का महत्व समझाते हुए हेलमेट भी दिया। ऐसे भी जिम्मेदार दोपहिया वाहन चालक इस अभियान में सम्मिलित हुए जो स्वेच्छा से हेलमेट लगाएं मिले पुलिस कमिश्नर व अधिकारियों द्वारा ऐसे जिम्मेदार चालको की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मान स्वरूप उपहार भी प्रदान किए गए।

# सोशल मीडिया पर भड़काऊ भाषण... तो खैर नहीं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ और आपत्तिजनक संदेशों के प्रसारण पर रोक लगा दी है। इस संबंध में पुलिस आयुक्त ने धारा 163 के तहत आदेश जारी किया है। यह आदेश 29 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा।

यह है आदेश-कोई भी व्यक्ति फेसबुक, वॉट्सऐप, एक्स (ट्विटर), इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, एसएमएस सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर के साम्प्रदायिक, सामाजिक या जातिगत भावनाओं को भड़काने वाले संदेश, फोटो, वीडियो या ऑडियो प्रसारित नहीं कर सकेगा। ऐसे किसी भी कंटेंट को लाइक, शेयर, कमेंट या फॉरवर्ड करना भी



प्रतिबंधित रहेगा।

एडमिन की होगी जिम्मेदारी-सोशल मीडिया ग्रुप के एडमिन की जिम्मेदारी होगी कि वह अपने ग्रुप में इस तरह के आपत्तिजनक, भड़काऊ संदेशों को रोकें। किसी भी समुदाय के खिलाफ नफरत, अफवाह फैलाने या लोगों को गैरकानूनी गतिविधियों के लिए उकसाने वाली पोस्ट करना भी बैन रहेगा। आदेश में कहा गया है कि किसी भी व्यक्ति, समूह को सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को एकत्रित कर गैरकानूनी गतिविधियों के लिए उकसाने की अनुमति नहीं होगी। ऐसा करने पर संबंधित व्यक्ति पर कार्रवाई की जाएगी।

**दस्तावेज सत्यापित करना अनिवार्य**-जिले में संचालित साइबर कैफे संचालकों के लिए भी नियम तय किए गए हैं। कैफे में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान प्रमाणित दस्तावेज से सत्यापित करना अनिवार्य होगा। आगंतुकों का नाम, पता, मोबाइल नंबर और पहचान संबंधी जानकारी रजिस्टर में दर्ज करना होगा। कैफे में वेबकैमरा लगाकर उपयोगकर्ताओं की फोटो भी सुरक्षित रखनी होगी, जिसे कम-से-कम छह महीने तक संरक्षित रखना अनिवार्य होगा।

# मध्यप्रदेश में म्यूचुअल फंड की बढ़त को रफ्तार देने इंदौर की सबसे बड़ी भूमिका

### यह मप्र की विस्तृत होती आर्थिक स्थिति के अनुरुप

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** मध्यप्रदेश में म्यूचुअल फंड की बढ़त को रफ्तार देने में इंदौर की सबसे बड़ी भूमिका है। यहां के लोगों का व्यापारिक नजरिया, बढ़ता सर्विस सेक्टर और लोगों की बढ़ती आमदनी, लंबे समय तक निवेश करने के लिए बहुत अच्छा माहौल तैयार करते हैं। देश के कुल एसआईपी फोलियो में से लगभग 4 प्रतिशत मध्यप्रदेश से आते हैं। यह औपचारिक निवेश प्रणाली में राज्य की लगातार बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। यह कहना हैं एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के मुख्य कार्यकारी वेंकट चालसानी का।





म्यूचुअल फंड क्षेत्र में इंदौर के बढ़ते दबदबे को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया मप्र का कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट 1, 25,645 करोड़ हैं, जो भारत के कुल का लगभग 1.6 प्रतिशत है। राज्य के अंदर इंदौर 35,490 करोड़ एसेट अंडर मैनेजेंट के साथ अग्रणी निवेश केंद्र बनकर उभरा है, जो राज्य के कुल का 28.25 प्रतिशत योगदान देता है। म्यूचुअल फंड फोलियो की संख्या के मामले में भी इंदौर सबसे आगे हैं। शहर में 18,00,080 म्यूचुअल फंड फोलियो हैं जो राज्य के कुल फोलियो का 19.7 प्रतिशत है। यह खुदरा निवेशकों की मजबूत भागीदारी को दर्शाता है। इंदौर का बढ़ता निवेशक आधार मप्र की विस्तृत होती आर्थिक स्थिति के अनुरुप है।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करना जरूरी संचालक लोक शिक्षण ने दिए निर्देश

# गुरुजन भी देंगे परीक्षा, दो साल में टीईटी जरूरी, वरना छोड़नी पड़ सकती है नौकरी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** गुरुजनों को भी अब परीक्षा में बैठना होगा, उन्हें प्रश्नों के उत्तर देने होंगे और उनकी कॉपियां भी जांची जाएंगी। इसके बाद उन्हें नम्बर मिलेंगे। वे पास हुए तो ठीक वरना उनकी नौकरी पर संकट आ सकता है। इस सूचना के बाद शिक्षकों में हड़कम्प है। हालाकिं वे तैयार तो पहले से थे लेकिन जब आदेश मिला तो उनका चिंतित होना लाजिमी है। उनमें भी अब अपना परीक्षा परिणाम जानने की ठीक वैसी ही उत्सुकता होगी जैसे कभी विद्यार्थी जीवन में रही होगी।

संचालक लोक शिक्षण द्वारा जारी किए गए आदेशों के अनुसार प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को निर्धारित अवधि में शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी पास करना अनिवार्य होगा। आदेश में कहा गया है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने से पहले नियुक्त हुए ऐसे शिक्षक, जिनकी सेवानिवृत्ति में 5 वर्ष से अधिक समय शेष है, उन्हें अगले दो वर्षों के भीतर टीईटी उत्तीर्ण करना होगा। निर्धारित समय में परीक्षा पास नहीं करने वाले शिक्षकों को सेवा छोड़नी पड़ सकती है या उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जा सकती है। हालांकि उन्हें नियमों के अनुसार मिलने वाले टर्मिनल लाभ प्रदान किए जाएंगे, बशर्ते उन्होंने निर्धारित सेवा अवधि पूरी की हो। विभाग के अनुसार प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के शिक्षकों के लिए पात्रता परीक्षा का आयोजन जुलाई और अगस्त 2026 में संभावित है।

**प्राइवेट स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए 9 से होगी प्रक्रिया**-शिक्षा अधिकार अधिनियम आरटीई के अंतर्गत प्राइवेट स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश की प्रक्रिया 9 मार्च से प्रारंभ हो रही है। इस प्रक्रिया मैं नर्सरी, केजी-वन, केजी-टू और कक्षा पहली में प्रवेश हेतु 9 मार्च को सीटों की जानकारी प्रदान की जाएगी। 13 से 28 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन का सत्यापन संबंधित जन शिक्षा केंद्रों पर 14 से 30 मार्च तक किया जाएगा। इसके पश्चात दो अप्रैल को राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा रेंडम आधार पर ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से बच्चों का चयन किया जाएगा।

### बिजली कंपनियों द्वारा मप्र विद्युत विनियामक आयोग को सौंपी रिपोर्ट में दावा

# शहरी से ज्यादा बिजली जला रहे ग्रामीण 1238 एमयू अधिक खपत का अनुमान

- शहरी-ग्रामीण दोनों क्षेत्र में पिछले साल की तुलना में अधिक जलेगी बिजली
- गांवों में बिजली आधारित उपकरणों के उपयोग से बढ़ रही है खपत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल ●** मध्यप्रदेश में घरेलू बिजली खपत का रुझान बदलता दिख रहा है। विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के समक्ष प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली खपत शहरी उपभोक्ताओं से अधिक रहने का अनुमान है।

डिस्कॉम्स के मुताबिक साल 2026-27 में शहरी घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली बिक्री 10,331 मिलियन यूनिट (एमयू) आंकी गई है, जबकि ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं की खपत 11,569 रहने का अनुमान है। यानी ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की खपत शहरी इलाकों की तुलना में करीब



1,238 मिलियन यूनिट अधिक रहने की संभावना जताई गई है। आंकड़ों के अनुसार दोनों क्षेत्रों में घरेलू खपत में वृद्धि देखी जा रही है।

खास बात यह है कि 101-200 यूनिट और 200 यूनिट से अधिक खपत वाले उपभोक्ताओं की संख्या ग्रामीण क्षेत्रों में अपेक्षाकृत तेजी से बढ़ रही है। इससे यह संकेत मिलता है कि गांवों में बिजली आधारित उपकरणों का उपयोग बढ़ा है और घरेलू खपत का स्वरूप बदल रहा है। वहीं गांवों में पर्याप्त बिजली उपलब्धता से भी बिजली खपत बढ़ रही है। डिस्कॉम्स ने आयोग को बताया कि शहरी क्षेत्रों में सभी घरेलू कनेक्शन मीटरयुक्त होने के कारण बिना मीटर वाली खपत शून्य मानी गई है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में सीमित संख्या में बिना मीटर वाले कनेक्शन अभी भी मौजूद हैं। डिस्कॉम्स के अनुसार शहरी घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली खपत 2026-27 में 10,331 रहने का अनुमान है, जो 2025-26 के संशोधित अनुमान 9,788 से अधिक है। वहीं ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं की खपत 11,569 आंकी गई है, जो 2025-26 के 11,092 से अधिक है।

### छह सालों की खपत के आधार पर बनी रिपोर्ट

ग्रामीण-शहरी घरेलू बिक्री का यह प्रक्षेपण पिछले छह वर्षों के वास्तविक आंकड़ों और चालू वित्तीय वर्ष के आंशिक डेटा के आधार पर तैयार किया गया है। इन अनुमानों के आधार पर आयोग 2026-27 के लिए घरेलू बिजली दरों पर निर्णय लेगा, जिसका सीधा असर शहरों और गांवों दोनों के उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। मध्यप्रदेश की तीनों विद्युत वितरण कंपनियों ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली खपत में बढ़ोतरी का अनुमान मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया है। संशोधित अनुमानों के अनुसार प्रदेश में घरेलू उपभोक्ताओं की कुल बिजली खपत 2026-27 में 21,900 मिलियन यूनिट तक पहुंच सकती है।

## तिंछा फॉल घूमने गए इंदौर के दो युवकों की खाई में गिरने से मौत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** इंदौर के करीब तिंछा फॉल घूमने गए दो युवकों की खाई में गिरने से मौत हो गई। युवकों के नाम सुमित और अशोक हैं। घटना रात तीन से चार बजे की बताई जा रही है। पैर फिसलने की वजह से दोनों खाई में गिर गए। सूचना मिलने के बाद सिमरोल पुलिस और डायल-112 मौके पर पहुंची और उन्हें खाई से बाहर लाने के प्रयास शुरू किए।

जानकारी के मुताबिक सुमित राजीव आवास विहार में रहता था और वॉटर प्लांट में काम करता था। वहीं अशोक आलू प्याज का व्यापार करता था। दोनों ने शराब पार्टी की थी जिसके बाद यह हादसा हो गया। तिंछा फॉल में पहले भी पर्यटकों के खाई में गिरने से हादसे होते रहे हैं। चेतावनी के बाद भी यहां घूमने आने वाले खाई के करीब तक पहुंच जाते हैं, जिसकी वजह से ऐसे हादसे होते हैं। पुलिस क्रेन में रस्सियां बांधकर खाई में गिरे युवकों के शवों को निकालने की कोशिश कर रही है। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं।

# बढ़ती कीमतों के चलते इंदौर के रियल एस्टेट सेक्टर में मंदी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** स्टाम्प एवं रजिस्ट्रार विभाग के आंकड़ों के अनुसार, इंदौर के रियल एस्टेट बाजार में भारी मंदी देखी जा रही है। आंकड़े बताते हैं कि इस वर्ष अब तक संपत्ति पंजीकरण (बिक्री विलेख) की संख्या में लगभग 10% की गिरावट आई है, जिससे कुल संपत्ति लेनदेन मूल्य में लगभग 4,000 करोड़ रुपये की गिरावट का अनुमान है। अब तक, विभाग ने 68,700 बिक्री विलेख दर्ज किए हैं, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में दर्ज किए गए 78,500 पंजीकरणों के बिल्कुल विपरीत है। वरिष्ठ रजिस्ट्रार अमरीश नायडू ने कहा, 'अगर ये 10,000 पंजीकरण पूरे हो जाते, तो इनसे लगभग 400 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होता। विभाग आमतौर पर संपत्ति के मूल्य पर औसतन 10% शुल्क (स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क सहित) वसूलता है। इस गणना के आधार पर, इंदौर में संपत्ति की बिक्री में लगभग 4,000 करोड़ रुपये की गिरावट आई है।'

उन्होंने आगे बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में संपत्ति पंजीकरण का औसत मूल्य लगभग 50 लाख रुपये प्रति विलेख था, जो इस वर्ष



घटकर लगभग 42 लाख रुपये प्रति विलेख हो गया है। अधिकारियों के अनुसार, इस गिरावट का मुख्य कारण कई इलाकों में कीमतों का अत्यधिक बढ़ना है। वर्तमान में औसत कीमतें 5,000 रुपये प्रति वर्ग फुट से शुरू होती हैं और प्रीमियम क्षेत्रों में 30,000 रुपये प्रति वर्ग फुट तक पहुंच जाती हैं। कोविड-19 के बाद निवेश में आई तेजी, जिसके कारण खरीदारी की होड़ मची थी, अब काफी हद तक कम हो गई है।

इस साल, हमने संपत्ति निवेश में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की है क्योंकि उच्च दरों के कारण अंतिम उपयोगकर्ताओं और निवेशकों दोनों की रुचि कम हो गई है,' नायडू ने कहा। मंदी के बावजूद, विभाग ने अब तक 2,250 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है और 31 मार्च को वित्तीय वर्ष के अंत तक 2,700 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि, रियल एस्टेट विशेषज्ञों ने चालू वित्तीय वर्ष में संपत्ति की बिक्री में इस भारी गिरावट के पीछे और भी कारण बताए। 'चालू वित्तीय वर्ष के लिए कलेक्टर का दिशानिर्देश बहुत अधिक था, जबकि स्टाम्प और पंजीकरण शुल्क पहले से ही 10% या उससे अधिक है, जिससे संपत्तियां महंगी हो रही हैं,' क्रेडाई इंदौर शाखा के अध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव ने टीओआई को बताया। उन्होंने कहा कि वे कलेक्टर के दिशानिर्देश और स्टाम्प और पंजीकरण शुल्क दोनों में कमी के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क करेंगे। श्रीवास्तव ने आगे कहा, 'कीमती धातुओं में निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी भी रियल एस्टेट बाजार में मंदी का एक कारण है। इस साल सोने और चांदी ने बहुत अच्छा रिटर्न दिया है।' बिक्री धीमी होने के बावजूद, जमीन के आधिकारिक मूल्यांकन में काफी वृद्धि होने वाली है। विभाग ने अगले वित्तीय वर्ष के लिए कलेक्टर के दिशानिर्देश तैयार करना शुरू कर दिया है, जो संपत्ति कर और पंजीकरण के लिए आधार दर का काम करता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।